शुक्रवार, 20 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 21 – 33 |
| आर्द्रता | 67% |
| सूर्योदयः 05:42 | सूर्यास्तः 17:47 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



राम जन्मभूमि पर भूमि पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, धर्म ध्वज फहराना इतिहास के स्वर्णिम क्षण : मुर्मू पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : लोग कमी ढूंढने लगे तो समझ लेना लोगों को आपकी चमक बर्दाश्त नहीं।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# कतर में दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट पर ईरान का हमला

## हमले से उत्पादन रुका, वैश्विक गैस कीमतें बढ़ीं



### कतर ने ईरानी राजनयिकों को देश से निकाला

**दुबई :** ईरान ने अपने एक प्रमुख गैस फील्ड पर इजराइल के हमले के जवाब में बृहस्पतिवार को खाड़ी देशों में तेल और गैस के प्रतिष्ठानों पर हमले बढ़ा दिए और इस तरह युद्ध की स्थिति गहराती जा रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रही है। इन हमलों के बाद ईंधन के दामों में तेजी से वृद्धि हुई और ईरान के पड़ोसी अरब देशों के सीधे संघर्ष के दायरे में आने का खतरा बढ़ गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के लगातार अवरोधों के कारण पहले से दबाव में बनी हुई वैश्विक आपूर्ति ईरान के इन हमलों से और अधिक दबाव में आ रही है। इस क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक जहाज में आग लगा दी गई और कतर के पास एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। एक ईरानी ड्रोन से लाल सागर में स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। इजराइल और अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमलों के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 118 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। तेल के अंतरराष्ट्रीय मानक 'ब्रेंट क्रूड' की कीमत युद्ध शुरू होने के बाद से 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के हमलों की निंदा की। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल घीत ने इसे खतरनाक तरीके से उकसावे वाला बताया। सऊदी अरब ने बताया कि एक ड्रोन ने लाल सागर के किनारे स्थित बंदरगाह शहर यानबू में देश की एसएएमआरईएफ रिफाइनरी पर बृहस्पतिवार को हमला किया। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यह हमला कुवैत की दो तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले के बाद हुआ। ईरान ने फारस की खाड़ी में 'साउथ पार्स' प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर बुधवार को किये गये इजराइली हमले के जवाब में ये हमले किए।

### मैं कहीं भी सेना नहीं भेज रहा हूं- ट्रंप

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार (19 मार्च, 2026) को ओवल ऑफिस में जापान के पीएम साने ताकाइची से मुलाकात के दौरान स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कहीं भी अमेरिकी सेना नहीं भेजेंगे। उन्होंने कहा कि अगर मैं ऐसा करता भी, तो आपको नहीं बताता, लेकिन मैं कहीं अमेरिकी सेना नहीं भेज रहा हूं।

### इजराइल के विदेश मंत्री ने जयशंकर को पश्चिम एशिया संघर्ष के बारे में जानकारी दी

**यरुशलम :** इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की और उन्हें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बारे में जानकारी दी। सार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अपनी विशेष रणनीतिक साझेदारी को महत्व देते हैं।'' सार ने कहा कि उन्होंने जयशंकर को ईरान के खिलाफ इजराइली अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''मैंने कहा कि ईरानी शासन होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। यह न तो अमेरिकी मुद्दा है और न ही इजराइली, यह एक मूलभूत समस्या है जो विश्व व्यवस्था और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। यदि इस गंभीर समस्या का समाधान अभी नहीं किया गया, तो यह विश्व भर में फैल सकती है।''

### भारत ने पश्चिम एशिया में गैस भंडारण केंद्रों पर हमलों को 'अस्वीकार्य' बताया

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में गैस भंडारण केंद्रों पर ताजा हमलों से पैदा चिंताओं के बीच भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऐसे हमले 'अस्वीकार्य हैं और इन्हें रोका जाना चाहिए।' वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की। जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद, मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में ऊर्जा अवसंरचना पर हमले ''निंदनीय हैं और इनसे अनावश्यक रूप से तनाव बढ़ सकता है''। भारत ने इन हमलों को अंत्यंत परेशान करने वाला बताया और कहा कि ये पहले से ही अनिश्चितता से गुजर रहे वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करेंगे। ईरान ने अपने साउथ पार्स गैस क्षेत्रों पर इजराइल के हमलों के जवाब में रास लाफान में कतर के एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) केंद्र सहित पश्चिम एशिया के कई ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है।

### ईरान की सभी 11 पनडुब्बियां 'नष्ट हो चुकी हैं': हेगसेथ

**वाशिंगटन :** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान का ''सतही बेड़ा अब कोई मायने नहीं रखता'' और ''उनकी पनडुब्बियां अब नष्ट हो चुकी हैं।'' हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास कभी 11 से अधिक पनडुब्बियों का बेड़ा था और अब उसके पास पनडुब्बियां समाप्त हो चुकी हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री द्वारा संदर्भित पनडुब्बियों को फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए तैयार किया गया है। हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने ईरान युद्ध में मारे गए सैन्य कर्मियों के परिवारों से कहा था कि अमेरिकी सेना ''इसे खत्म कर देगी।''

### ईरान ने अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान को बनाया निशाना

इजरायल और अमेरिका के साथ जारी युद्ध में ईरान ने अमेरिकी एफ - 35 लड़ाकू विमान को अपना निशाना बनाया है। ईरान के हमले के बाद अमेरिकी फाइटर जेट को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने कहा कि पांचवीं पीढ़ी का यह स्टेल्थ फाइटर जेट ईरान पर एक कॉम्बैट मिशन पर था, तभी मिडिल ईस्ट में इसकी इमरजेंसी लैंडिग करानी पड़ी। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने दावा किया है कि मध्य ईरान के आसमान में एक अमेरिकी ऋ-35 लड़ाकू विमान को निशाना बनाया है। ईरान का कहना है कि हमले के बाद विमान का भविष्य अज्ञात है, लेकिन संभावना है कि वह गिर गया है।

# बंगाल चुनाव: भाजपा की दूसरी सूची जारी, 111 उम्मीदवार घोषित

## 19 महिलाओं को बनाया गया उम्मीदवार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को अपनी दूसरी सूची जारी करते हुए और 111 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। दूसरी सूची में पार्टी के कुछ पूर्व सांसदों के भी नाम हैं, जिन्हें उम्मीदवार बनाया गया है। साथ ही तृणमूल कांग्रेस से आने वाले कुछ वरिष्ठ नेताओं को भी पार्टी ने टिकट दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के छोटे भाई व पूर्व तृणमूल सांसद दिव्येंदु अधिकारी को भी पार्टी ने टिकट दिया है। दिव्येंदु को अपने गृह जिले पूर्व मेदिनीपुर की एगरा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, 2024 लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले सात बार के पूर्व विधायक तापस राय को पार्टी ने कोलकाता की मानिकतल्ला सीट से उतारा है। भाजपा ने राय को 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उत्तर कोलकाता सीट से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था।भाजपा ने बैरकपुर से पार्टी के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को उत्तर 24 परगना के नोआपाड़ा से जबकि महाभारत में द्रौपदी का किरदार निभाने वाली पूर्व राज्यसभा सदस्य रूपा गांगुली को दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर दक्षिण सीट से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व कूचबिहार के पूर्व सांसद निशिथ प्रमाणिक को भी पार्टी ने माथाभंगा सीट से उतारा है। पार्टी ने संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रहीं रेखा पात्रा को लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव में भी उतारा है और उन्हें उत्तर 24 परगना जिले की हिंगलगंज सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भी रेखा पात्रा को बशीरहाट सीट से उतारा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। घोषित प्रत्याशियों में से 8 विधायक एवं 2 पूर्व विधायक 4 पूर्व सांसद शामिल है। इनमें से 10 सीटों पर शिक्षक, 4 सीटों पर सामाजिक कार्यकर्ता, 11 सीटों पर अधिवक्ता, 6 सीटों पर डॉक्टरों, 4 सीटों पर फिल्म जगत के सेलिब्रिटी, 2 सीटों पर आध्यात्मिक नेताओं, 3 सीटों पर सेवानिवृत्त सैनिकों, 2 सीट पर सामाजिक आंदोलन से जुड़े प्रभावशाली व्यक्तियों, 1 सीट पर हॉकी खिलाड़ी और 1 सीट पर सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी को प्रत्याशी बनाया गया है। दूसरी सूची में भाजपा ने 19 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। घोषित सीटों में से 29 सीटों पर युवा प्रत्याशियों (40 से कम उम्र वाले) को प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसी प्रकार 41 से 55 आयु वर्ग के 59 प्रत्याशियों, 56 से 70 आयु वर्ग में 22 प्रत्याशियों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के केवल 2 प्रत्याशियों को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

**दिखा बड़ा सरप्राइज, पहली सूची में बड़े बदलाव**

इस सूची में कुछ बड़े बदलाव भी देखने को मिले हैं। हिरण चटर्जी को खड़गपुर सदर से हटाकर श्यामपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। पहले उनके टिकट को लेकर सस्पेंस बना हुआ था, लेकिन पार्टी ने उन्हें नई सीट से मौका देकर चौंका दिया है। साथ ही, पहली सूची में कुछ बदलाव भी किए गए हैं। बिष्णुपुर (एससी) विधानसभा सीट पर भाजपा ने बदलाव करते हुए अब विस्वजीत खान को उतारा है। वहीं, जॉयपुर विधानसभा में बिस्वजीत महतो को भाजपा ने समर्थन दिया है।

**अब तक 255 उम्मीदवारों के नाम का एलान, 39 सीटों पर नाम घोषित होने बाकी**

बताते चलें कि इससे पहले भाजपा ने चुनाव की घोषणा के अगले ही दिन बीते सोमवार को 144 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसको लेकर भाजपा बंगाल में अबतक 255 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी अभी भी कुछ सीटों पर गहन मंथन कर रही है। पहले करीब 45 सीटों पर निर्णय बाकी था, लेकिन अब दूसरी सूची के बाद अब 39 सीटों पर नाम घोषित होने बाकी हैं। भाजपा इन सीटों पर जीत के समीकरण को ध्यान में रखते हुए अंतिम फैसला करना चाहती है।

- पृष्ठ 5

फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली (पृष्ठ 7)

### विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट में भारत 116वें स्थान

**लंदन :** विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2026 में भारत 116वें स्थान पर है जो पिछले वर्ष के 118वें स्थान से दो पायदान ऊपर है। यह रिपोर्ट बृहस्पतिवार को प्रकाशित हुई। इस रिपोर्ट में भारत नेपाल और पाकिस्तान से पीछे है। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष 20 मार्च के आसपास अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर जारी की जाती है और इसमें 140 से अधिक देशों के आंकड़ों को अग्रणी अध्ययनकर्ताओं के विश्लेषण के साथ संकलित किया जाता है। इस वर्ष का विषय 'प्रसन्नता और सोशल मीडिया' था। समग्र 'प्रसन्नता रैंकिंग' में भारत 116वें स्थान पर रहा, जो 2024 में 118वें और 2023 में 126वें स्थान पर था।

### डीजीसीए ने नौ हवाई क्षेत्रों से उड़ान न संचालित करने की सलाह दी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बृहस्पतिवार को विभिन्न एयरलाइन को क्षेत्र के नौ हवाई क्षेत्रों के इस्तेमाल से बचने की सलाह दी है तथा सुरक्षा जोखिम मूल्यांकन के हिस्से के रूप में मजबूत वैकल्पिक योजनाएं सुनिश्चित करने को कहा है। डीजीसीए के एक परामर्श के अनुसार, भारतीय एयरलाइन को बहरीन, ईरान, इराक, इजराइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हवाई क्षेत्रों का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। इसने कहा कि यह परामर्श तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 28 मार्च तक प्रभावी रहेगा।

# ममता ने निर्वाचन आयोग के कामकाज पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले शीर्ष नौकरशाहों और आईपीएस अधिकारियों के रातोंरात तबादला किये जाने को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधने के कुछ घंटों बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आयोग के कामकाज पर 'गहरा आश्चर्य' व्यक्त किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कड़े शब्दों में लिखे अपने आठवें पत्र में ममता ने आरोप लगाया कि आयोग शिष्टाचार और संवैधानिक मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ गया है। मुख्यमंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही निर्वाचन आयोग पर 'स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण' रवैया अपनाने और राज्य सरकार द्वारा उठाए गए मुद्दों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि निर्वाचन आयोग के कामकाज से मैं स्तब्ध हूं, जो मेरे हिसाब से शालीनता और संवैधानिक औचित्य की सभी सीमाओं को पार कर गया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है और जमीनी हकीकत या जनता के कल्याण की जरा भी परवाह नहीं की है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर अपनी सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय से संपर्क करने के कदम का भी जिक्र किया और कहा कि अदालत ने चिंताओं को स्वीकार किया है और निर्देश जारी किए हैं जिन्हें वर्तमान में लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग ने मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और कई जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों समेत कई वरिष्ठ राज्य अधिकारियों का 'एकतरफा' तबादला कर दिया था। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद, बिना किसी ठोस कारण के और चुनावी नियमों या आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के किसी भी आरोप के बगैर ही बड़े पैमाने पर ये तबादले किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि मतदाता सूची के मौजूदा पुनरीक्षण के दौरान जिला चुनाव अधिकारियों के तबादले 'स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण इरादे से प्रेरित' प्रतीत होते हैं, जिससे लंबित मामलों के निपटारे को लेकर चिंताएं बढ़ जाती हैं।

# चुनावी माहौल में ईडी की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों के सोने के सिक्के और 10 लाख नकद जब्त

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये के सोने के सिक्के, नकद और क्रिप्टो करेंसी बरामद की है। यह कार्रवाई फर्जी कॉल सेंटर और वित्तीय ठगी से जुड़े मामले में की गई। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने हाल ही में कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक साथ छापेमारी की। कोलकाता के बोड़ाल, हावड़ा, दुर्गापुर और सिलीगुड़ी सहित कुल 10 स्थानों पर यह अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई पुख्ता जानकारी के आधार पर अवैध कॉल सेंटर और वित्तीय धोखाधड़ी के नेटवर्क को लेकर की गई थी। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक, तलाशी के दौरान करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के सोने के सिक्के बरामद किए गए। इसके अलावा लगभग 15 लाख रुपये मूल्य की क्रिप्टो करेंसी भी जब्त की गई है। वहीं 10 लाख रुपये नकद भी बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय तक चली इस छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर आगे की जांच जारी है। चुनाव से पहले हुई इस कार्रवाई को काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे बड़े पैमाने पर चल रहे वित्तीय अपराध के नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

## कच्चे तेल के दाम में उफान से सहमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स करीब 2,500 अंक लुढ़का, निफ्टी 775 अंक टूटा

**शेयर बाजार में तेज गिरावट से निवेशकों को 12.87 लाख करोड़ रुपये का नुकसान**

**मुंबई :** कच्चे तेल के दाम में तेजी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,497 अंक का गोता लग गया, जबकि एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। इसके साथ बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा। पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के बाद कच्चे तेल के दाम में उछाल आया है। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,496.89 अंक यानी 3.26 प्रतिशत का गोता लगाकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। जून, 2024 के बाद सेंसेक्स में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। कारोबार के दौरान, यह 2,753.18 अंक टूटकर 73,950.95 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 775.65 अंक यानी 3.26 प्रतिशत टूटकर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,140 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी में 626 अंक की तेजी रही थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# पश्चिम एशिया पर सक्रिय कूटनीति, मोदी ने कई वैश्विक नेताओं से की चर्चा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात को लेकर कूटनीतिक पहल तेज करते हुए कतर, फ्रांस, जॉर्डन, ओमान और मलेशिया के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता व्यक्त की और संघर्ष कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।प्रधानमंत्री ने शेख तमीम बिन हमद अल थानी, इमैनुएल मैक्रों, अब्दुल्ला द्वितीय, हैथम बिन तारिक और अनवर इब्राहिम से अलग-अलग टेलीफोन पर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में ऊर्जा अवसंरचना पर हो रहे हमले निंदनीय हैं और इससे अनावश्यक तनाव बढ़ सकता है।मोदी ने संवाद और कूटनीति के जरिए शांति, सुरक्षा और स्थिरता बहाल करने पर जोर देते हुए कहा कि मौजूदा हालात में सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के महत्व को भी रेखांकित किया, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम है।कतर के अमीर से बातचीत में प्रधानमंत्री ने ईद की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, जॉर्डन के शाह के साथ बातचीत में उन्होंने वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ चर्चा में दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तनाव कम करने और शांति बहाली के लिए मिलकर प्रयास जारी रखने पर सहमति जताई। ओमान और मलेशिया के नेताओं के साथ भी प्रधानमंत्री ने कूटनीतिक समाधान और स्थिरता की दिशा में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।भारत की यह सक्रिय कूटनीति दर्शाती है कि वह पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### आर्मेनिया, अजरबैजान के रास्ते ईरान से भारतीय नागरिक घर लौट रहे हैं : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईरान में फंसे छात्रों सहित लगभग 880 भारतीय नागरिक आर्मेनिया और अजरबैजान के रास्ते स्वदेश लौटना शुरू कर चुके हैं। साप्ताहिक संवाददाता सममेलन में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि ईरान गए 284 तीर्थयात्रियों में से लगभग 280 आर्मेनिया के रास्ते लौट आए हैं, और उनमें से तीन-चार के कुछ दिनों में पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''कुछ लोग भारतीय दूतावास में पंजीकरण नहीं कराते हैं। इसलिए, हमारा अनुमान था कि लगभग 9,000 लोग (ईरान में) मौजूद होंगे। कई छात्र हमले शुरू होने से पहले ही लौट चुके हैं।'' जायसवाल से ईरान में फंसे उन भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी मांगी गई थी, जो स्वदेश लौटना चाहते हैं।

# पाकिस्तान के गिरोह से जुड़े दो लोग अहम स्थानों, धार्मिक स्थलों की जानकारी भेजने के आरोप में गिरफ्तार

**हापुड़ (उप्र) :** पाकिस्तान के एक गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े दो कथित गुर्गों को सीमा पार बैठे अपने आकाओं को धार्मिक स्थलों एवं महत्वपूर्ण स्थानों की तस्वीरें, वीडियो और 'लोकेशन' (स्थान विवरण) भेजने के आरोप में हापुड़ जिले के धौलाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान धौलाना के पीपलहड़ा निवासी अजीम राणा और मेरठ जिले के जई गांव निवासी आजाद राजपूत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि धौलाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि राणा दिल्ली के एक मॉल में सूखे मेवे का ठेला लगाता है जबकि राजपूत गुरुग्राम की एक पाइप फैक्टरी में ठेकेदार के रूप में काम करता है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि ये दोनों दिसंबर 2025 से सोशल मीडिया मंचों के जरिये पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित नेटवर्क के संपर्क में थे। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पश्चिमी दिल्ली में एक मेट्रो स्टेशन क्षेत्र, पास के एक मंदिर और उससे लगी रिहायशी कॉलोनियों की तस्वीरें, वीडियो और 'लोकेशन' संबंधी जानकारी अपने आकाओं के साथ साझा की थी। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के बिसरख क्षेत्र के भी एक मंदिर से जुड़ी इसी तरह की जानकारियां कथित तौर पर भेजीं।

# एलपीजी की बुकिंग अब सामान्य स्तर के करीब, पर स्थिति अब भी चिंताजनक: सरकार

**नयी दिल्ली :** देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के भरे हुए सिलेंडर की बुकिंग युद्ध-पूर्व के सामान्य स्तर के करीब पहुंच रही है, जो स्थिति में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में जारी व्यवधानों के चलते होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर आपूर्ति प्रतिबंध अब भी लागू हैं। ईरान पर 28 फरवरी को हुए सैन्य हमलों से पहले देश के 33 करोड़ से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता औसतन प्रतिदिन लगभग 55 लाख सिलेंडर बुक कर रहे थे। तनाव बढ़ने के बाद 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के बंद होने से भारत की लगभग 60 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे व्यावसायिक आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी और घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट के कारण भारी बुकिंग शुरू हो गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि 13 मार्च को घबराहट में की गई बुकिंग का आंकड़ा 87.7 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जो 18 मार्च को घटकर 56-57 लाख पर आ गया है। उन्होंने कहा, ''घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो रही है और सरकार परिवारों को आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है।'' शर्मा ने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन किसी भी वितरक के पास भंडार पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हालांकि, व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता का केवल पांचवां हिस्सा (20 प्रतिशत) ही मिल पा रहा है।

# भारत ने पाकिस्तान के 'गुप्त' परमाणु प्रसार के इतिहास पर प्रकाश डाला

**नयी दिल्ली :** अमेरिका की एक रिपोर्ट में इस्लामाबाद के परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रमों से जुड़े नए खतरों को उजागर किये जाने के बाद, भारत ने बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद के ''गुप्त'' परमाणु प्रसार के इतिहास पर प्रकाश डाला। भारत की यह टिप्पणी अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें पाकिस्तान को उन कुछ देशों में से एक बताया गया है जो परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के पेलोड ले जाने में सक्षम उन्नत मिसाइल प्रणालियों का विकास कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ''जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, उसका गुप्त परमाणु प्रसार का एक लंबा इतिहास रहा है।'' वह इस मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जायसवाल ने पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को लेकर रिपोर्ट में उठाई गई चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा, ''ऐसे बयान एक बार फिर दुनिया के सामने यह स्पष्ट कर देते हैं कि वे किस प्रकार का खतरा पैदा करते हैं और उनके गुप्त परमाणु अभियान किस प्रकार के खतरे उत्पन्न करते हैं।'' रिपोर्ट में विशेष रूप से पाकिस्तान की मिसाइल प्रणाली का उल्लेख किया गया था। इसमें कहा गया है, ''अमेरिका की सुरक्षित परमाणु निवारक क्षमता हमारे देश में हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करती रहती है।'' इसमें कहा गया है, ''हालांकि, चीन, रूस, उत्तर कोरिया, ईरान और पाकिस्तान परमाणु और पारंपरिक पेलोड से लैस कई तरह की नवीन, उन्नत या पारंपरिक मिसाइल वितरण प्रणालियों पर शोध और विकास कर रहे हैं।''

## शिक्षा के अनुरूप रोजगार को गति मिले

सरकारी नौकरियों की घटती संख्या, निजी क्षेत्र की जरूरतों में बदलाव, बढ़ती आबादी तथा रोजगारपरक शिक्षा के अभाव में देश में रोजगार के अवसर कम हुए हैं। कहा जाने लगा है कि अब केवल शिक्षा ही रोजगार की गारंटी नहीं रह गई है। हाल के कुछ सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं। पिछले दिनों इस कटु सत्य को बयां करती 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2026' रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट बताती है कि देश में चालीस प्रतिशत युवा स्नातकों को बेरोजगार रहना पड़ता है। साथ ही उनमें से केवल सात फीसदी को ही एक वर्ष के भीतर स्थिर वेतन वाली नौकरियां मिल पाती हैं। निस्संदेह, हाल ही में सामने आए ये आंकड़े देश में रोजगार सृजन और उच्च शिक्षा तक पहुंच के बीच के असंतुलन को ही उजागर करते हैं। उल्लेखनीय है कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक वर्ष करीब पचास लाख स्नातक देश के कार्यबल में प्रवेश करते हैं। लेकिन उनमें से मुश्किल से आधे ही रोजगार पा सकते हैं। इसके साथ ही उन्हें कम सुरक्षित व कम वेतन वाली नौकरियां ही मिलती हैं। निश्चय ही दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश के लिये यह सुखद संकेत नहीं कहा सकता है। अन्य शब्दों में कहें तो स्नातक होने और रोजगार के अवसरों के बीच व्याप्त असंतुलन के चलते भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के कालांतर जनसांख्यिकीय दायित्व में तब्दील होने का खतरा पैदा हो रहा है। जिसे देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। विशेषज्ञों का अनुमान है कि देश में कामकाजी उम्र की आबादी के साल 2030 से पहले चरम पर पहुंचने का आकलन है। इस स्थिति में चिंता जतायी जा रही है कि देश में युवा ऊर्जा के सदुपयोग करने का अवसर तेजी से कम होता जा रहा है। निर्विवाद रूप से यदि भविष्य में पर्याप्त और लाभकारी रोजगार के अवसर पैदा नहीं किए जाते हैं तो देश में बेरोजगारी बढ़ने से युवाओं के कुंठित होने का खतरा पैदा हो सकता है।

वहीं दूसरी ओर भारतीय रोजगार परिदृश्य पर नजर रखने वाले विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि देश को शिक्षित युवाओं में लगातार बढ़ती निराशा, स्थिर आय और धीमी आर्थिक गतिशीलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वास्तव में यहां प्रश्न केवल संख्या का ही नहीं है वरन यह रोजगार की गुणवत्ता का भी सवाल है। देश में कई स्नातक ऐसे संस्थानों से निकलते हैं, जो शिक्षकों की कमी, पुराने पाठ्यक्रम और कमजोर उद्योग संबंधों जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विडंबना यह भी है कि देश में कुशल श्रम को रोजगार देने में सक्षम क्षेत्र, मसलन विनिर्माण और उच्च मूल्य वाली सेवाएं पर्याप्त रूप से विकसित नहीं हुई हैं। इसका परिणाम यह है कि डिग्री की संख्या रोजगार बाजार में मांग की संख्या के अनुपात में कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, निर्विवाद रूप से देश के रोजगार बाजार में सकारात्मक रूप से भी प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। जाति और लिंग से जुड़ी व्यावसायिक बाधाएं धीरे-धीरे कम हो रही हैं। हालांकि, रोजगार सृजन में समांतर वृद्धि के बिना ये उपलब्धियां महत्वहीन ही होंगी। यह भी हकीकत है कि मौजूदा परिदृश्य में देश को नामांकन बढ़ाने की प्राथमिकता से हटकर रोजगार क्षमता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो व्यावसायिक प्रशिक्षण में निवेश बढ़ाने, उद्योग तथा अकादमिक साझेदारी को दृढ़ता देने की दिशा में काम करने तथा श्रम प्रधान क्षेत्रों को मजबूत करने की जरूरत होगी। निश्चित रूप से जब हम श्रम प्रधान क्षेत्रों को प्रभावी बनाने का प्रयास करेंगे तो रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकेगी। इसके साथ ही यह भी जरूरी होगा कि देश की आर्थिक नीति को तेजी से बढ़ते शिक्षित कार्यबल की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाए। हमारे नीति नियंताओं के सामने चुनौती बिल्कुल स्पष्ट है कि देश की अर्थव्यवस्था में यह सुनिश्चित किया जाए कि शिक्षा का लाभ यूं ही व्यर्थ न चला जाए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 मार्च, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष द्वितीया, 26:30 तक, नक्षत्र : रेवती, 04:53 तक, योग : ब्रह्मा, 22:05 तक, सूर्योदय: 05:42, सूर्यास्त: 17:47, चन्द्रोदय : 06:14, चन्द्रास्त: 19:09, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 10:14 से 11:44

## राशिफल

**मेष :** देखा जाए तो आज चंद्रदेव आपकी अपनी राशि यानी प्रथम भाव में प्रवेश कर रहे हैं, जो आपके व्यक्तित्व में एक नई ऊर्जा भर देंगे। शांत रहकर अपनी नई इमेज बनाने पर ध्यान दें।

**वृष :** आपके दशम भाव (करियर) में सूर्यदेव, मंगलदेव और राहु का प्रभाव चल रहा है, जो पेशेवर जीवन में बड़े बदलाव का संकेत है। ध्यान रहे, यहां वक्री बुधदेव तकनीकी बाधाएं दे सकते हैं।

**मिथुन :** प्रोफेशनल नजरिए से आज का दिन टीम वर्क के लिए सबसे अच्छा है। आपके लग्नेश बुधदेव ग्यारहवें भाव में वक्री हैं, जो पुराने संपर्कों से लाभ दिला सकते हैं।

**कर्क :** दशम भाव में चंद्रदेव का गोचर आपके रुके हुए प्रोजेक्ट्स को सफलता दिलाएगा। छठे भाव के स्वामी गुरुदेव बारहवें भाव को देख रहे हैं, जो आपको और अधिक मेहनती बनाएंगे।

**सिंह :** आपके लग्नेश सूर्यदेव सातवें भाव के स्वामी शनिदेव के साथ बारहवें भाव में युति कर रहे हैं, जो साझेदारी के कामों में सम्मान दिलाएंगे। ऑफिस में आपकी मेहनत को सराहा जाएगा।

**कन्या :** करियर के मामले में आज संयम की विशेष आवश्यकता है। आपके लग्नेश बुधदेव छठे भाव में वक्री हैं, जो नौकरी में किसी भी बड़े बदलाव के लिए रुकने का सुझाव देते हैं।

**तुला :** आज आपको कोई बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आपके लग्नेश शुक्रदेव छठे भाव में उच्च के हैं, जो शत्रुओं पर विजय और काम में परफेक्शन दिलाएंगे।

**वृश्चिक :** कामकाज में स्पष्टता बनाए रखें। आपके लग्नेश मंगलदेव चौथे भाव में ग्रहों के समूह के साथ बैठे हैं, जो प्रॉपर्टी या रियल एस्टेट के पुराने मसलों को हल करने के लिए शुभ है।

**धनु :** चंद्रदेव का आपकी ही राशि (प्रथम भाव) में होना आपके मौलिक विचारों को पहचान दिलाएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी लीडरशिप कौशल की प्रशंसा होगी।

**मकर :** आपका अनुशासन और ईमानदारी आपको हर कठिन परिस्थिति से निकाल लेगी। आपके लग्नेश शनिदेव बारहवें भाव में हैं, जो विदेशी संपर्कों से लाभ का संकेत दे रहे हैं।

**कुम्भ :** आज आप चर्चा का मुख्य केंद्र बने रहेंगे क्योंकि आपकी राशि में ग्रहों का बड़ा जमावड़ा है। आपकी तर्कशक्ति हर चुनौती को आसान बना देगी।

**मीन :** आपकी सफलता अनुशासन और नियमों के पालन में ही छिपी है। आपके दशम भाव (करियर) में चंद्रदेव का प्रभाव आपको पेशेवर उन्नति देगा। आर्थिक नजरिए से दिन संतुलित है।

# कठोर तप का आचरण करने वाली माता ब्रह्मचारिणी


अशोक प्रवृद्ध

नवरात्रि के दूसरे दिन भगवती दुर्गा के द्वितीय स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना की जाती है। ब्रह्मचारिणी शब्द का अर्थ है- ब्रह्म अर्थात तपस्या का आचरण करने वाली। यह देवी के उस रूप को समर्पित है, जब उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए हजारों वर्षों तक कठिन तप किया था। देवी भागवत पुराण और मार्कण्डेय पुराण अंतर्गत श्रीदुर्गा सप्तशती आदि पौराणिक, तांत्रिक ग्रंथों और शास्त्रों में देवी ब्रह्मचारिणी का विस्तृत विवरण अंकित है। माता ब्रह्मचारिणी का चरित्र केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि दृढ इच्छाशक्ति और धैर्य का दर्शन है। वे हमें सिखाती हैं कि बिना संघर्ष के सिद्धि प्राप्त नहीं होती। देवी ब्रह्मचारिणी की पौराणिक कथा उनके अटूट संकल्प और तपस्या की पराकाष्ठा का जीवंत उदाहरण है। देवी भागवत पुराण और मार्कण्डेय पुराण के अनुसार दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के रूप में देह त्यागने के बाद देवी ने पर्वतराज हिमालय और माता मैना की पुत्री पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। जब वे विवाह योग्य हुईं, तब देवर्षि नारद ने उन्हें उनके पूर्व जन्म के बारे में बताया और कहा कि यदि वे कठिन तपस्या करें, तो वे पुनः भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त कर सकती हैं। नारद के परामर्श पर देवी ने राजसी सुखों का त्याग कर दिया और वन में जाकर तपस्या आरम्भ की। तप के प्रथम चरण में एक हजार वर्षों तक उन्होंने केवल फलों और फूलों का आहार किया। द्वितीय चरण में अगले सौ वर्षों तक उन्होंने केवल जमीन पर रहकर शाक (सब्जियां) खाकर जीवन व्यतीत किया। तृतीय चरण में इसके पश्चात तीन हजार वर्षों तक उन्होंने केवल सूखे बिल्व पत्र अर्थात बेल के पत्ते खाए। तपस्या के अंतिम चरण में उन्होंने सूखे पत्ते खाना भी छोड़ दिया और कई वर्षों तक निर्जल व निराहार रहकर तप किया। पत्तों अर्थात पर्ण का त्याग करने के कारण देव-ताओं ने उन्हें अपर्णा पुकारा। उनकी अत्यंत क्षीण अवस्था को देखकर उनकी माता मैना ने दुखी होकर पुकारा- ओ मा! (अरे, ऐसा मत करो), जिससे उनका नाम उमा पड़ा। उनकी तपस्या की तीव्रता देख स्वयं महादेव ने एक वृद्ध ब्राह्मण ब्रह्मचारी का वेष धारण कर उनकी परीक्षा ली। उन्होंने शिव की बुराई की और पार्वती को उनसे विवाह न करने की सलाह दी। किंतु देवी अपने संकल्प पर अडिग रहीं। उनकी दृढ़ता देख शिव अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकट हुए और उन्हें स्वीकार किया। अंततः, पितामह ब्रह्मा प्रकट हुए और उन्होंने कहा कि ऐसी कठोर तपस्या आज तक किसी ने नहीं की है। उन्होंने देवी को आशीर्वाद दिया कि उनकी मनोकामना पूर्ण होगी और भगवान शिव उन्हें पति रूप में प्राप्त होंगे। यह कथा सिखाती है कि यदि मन में सच्चा विश्वास और अटूट संकल्प हो, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। देवी का यह स्वरूप अत्यंत शांत, सौम्य और भव्य है। इनके स्वरूप का हर प्रतीक एक पृथक आध्यात्मिक संदेश देता है। श्वेत वस्त्र पवित्रता, शांति और निर्मलता का प्रतीक है। दाहिने हाथ में जप माला निरंतर अभ्यास और मंत्र साधना का सूचक है। बाएं हाथ में कमंडल जल रूपी ज्ञान और शुद्धि का प्रतीक है। योग शास्त्र के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी की पूजा स्वाधिष्ठान चक्र में ध्यान लगाकर की जाती है। इनकी कृपा से साधक में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। कठिन समय में संबल प्रदान करता है। यह स्वरूप सिखाता है कि लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में चाहे कितनी भी बाधाएं आएं, कर्तव्य से विमुख नहीं होना चाहिए। माता ब्रह्मचारिणी की आराधना का मंत्र है-दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।अर्थात- जिनके एक हाथ में अक्षमाला और दूसरे में कमंडल है, वे अनुपम ब्रह्मचारिणी देवी मुझ पर प्रसन्न हों। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी का संबंध मंगल ग्रह से है। नवग्रहों में मंगल को सेनापति माना जाता है, जो साहस, ऊर्जा और अनुशासन का प्रतीक है। जिन जातकों की कुंडली में मंगल दोष होता है या मंगल अशुभ फल दे रहा होता है, उनके लिए माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अत्यंत फलदायी मानी जाती है। उनकी साधना से अत्यधिक क्रोध, दुर्घटनाएं या विवाह में देरी आदि मंगल के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं। कुंडलिनी योग के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी स्वाधिष्ठान चक्र की अधिष्ठात्री देवी हैं। इस चक्र के संतुलित होने से व्यक्ति के भीतर भय समाप्त होता है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। यह चक्र भावनाओं और सृजनशीलता का केंद्र है, जिसे सुदृढ़ करने से जातक मानसिक रूप से मजबूत बनता है। चूँकि ब्रह्मचारिणी का अर्थ ही तप का आचरण है, इनकी पूजा से जातक में शनि और मंगल दोनों के शुभ गुणों का समावेश होता है। यह छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, क्योंकि यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाती है।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दूसरे दिन उनकी पूजा करने से व्यक्ति को आरोग्य प्राप्त होता है। मंगल रक्त का कारक है, इसलिए रक्त संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भी उनकी आराधना की जाती है। माता ब्रह्मचारिणी को सफेद और पीला रंग अत्यंत प्रिय है। सफेद रंग चंद्रमा (मन की शांति) और पीला रंग गुरु (ज्ञान) का प्रतीक है, जो मंगल की उग्रता को संतुलित करते हैं। उन्हें चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग लगाया जाता है, जो लंबी आयु और सौभाग्य का आशीर्वाद प्रदान करता है। आयुर्वेद और पौराणिक ग्रंथों के अनुसार नवदुर्गा के प्रत्येक स्वरूप का संबंध एक विशिष्ट औषधि या जड़ी-बूटी से है। माता ब्रह्मचारिणी का सीधा संबंध ब्राह्मी नामक जड़ी-बूटी से माना गया है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार इन औषधियों को दुर्गा कवच भी कहा जाता है, क्योंकि ये बीमारियों से रक्षा करती हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मचारिणी और ब्राह्मी दोनों ही शब्द ब्रह्म से निकले हैं, जो ज्ञान और तप का प्रतीक हैं। जिस प्रकार देवी ब्रह्मचारिणी ज्ञान और तप की देवी हैं, उसी प्रकार ब्राह्मी को मस्तिष्क के लिए टॉनिक माना जाता है। यह स्मरण शक्ति बढ़ाने और मानसिक थकावट दूर करने में सहायक है। आयुर्वेद के अनुसार ब्राह्मी का सेवन स्वर को मधुर और स्पष्ट बनाता है, इसलिए इसे सरस्वती के नाम से भी जाना जाता है। ब्राह्मी रक्त से संबंधित दोषों को दूर करने और रक्त संचार को बेहतर बनाने में प्रभावी है। यह जड़ी-बूटी तनाव और चिंता को कम कर मन को शांत करती है, जो माता ब्रह्मचारिणी के शांत और तपस्वी स्वरूप के अनुरूप है। माता ब्रह्मचारिणी मंगल ग्रह की अधिष्ठात्री हैं। ब्राह्मी का सेवन और देवी की पूजा से मंगल से संबंधित ऊर्जा संतुलित होती है। योग में माता ब्रह्मचारिणी का वास स्वाधिष्ठान चक्र में माना गया है। ब्राह्मी के औषधीय गुण इस चक्र की ऊर्जा को संतुलित करने और रचनात्मकता बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता ने हजारों वर्षों तक केवल सूखे बिल्व पत्र खाकर तपस्या की थी, जिससे उनकी अटूट श्रद्धा और त्याग का पता चलता है। पूजा में उन्हें कमल और गुलदाउदी के फूल चढ़ाना अत्यंत शुभ माना जाता है, जो पवित्रता और ज्ञान के प्रतीक हैं।

-लेखक, अध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# चैत्र नवरात्र में निहित भारतीय संस्कृति


विवेक तिवारी

भारतीय संस्कृत विश्व की प्राचीनतम, समृद्ध और निरंतर प्रवहमान संस्कृतियों में से एक है। इसकी विशेषता यह है कि इसमें धर्म, दर्शन, प्रकृति, समाज और जीवन शैली एक-दूसरे से पृथक न होकर परस्पर गुँथे हुए हैं। भारतीय जीवन में पर्व-त्योहार केवल उत्सव नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना, सामूहिक स्मृति और जीवन मूल्यों के संवाहक हैं। इन्हीं पर्वों में चैत्र नवरात्र का विशेष स्थान है। यह पर्व न केवल शक्ति की उपासना का प्रतीक है, बल्कि भारतीय संस्कृति में निहित ऋतु चक्र, नारी सम्मान, नैतिक अनुशासन, आध्यात्मिक साधना और सामाजिक समरसता को भी अभिव्यक्त करता है।

चैत्र नवरात्र का आयोजन वर्ष के आरंभ में होता है। यह वह समय है जब प्रकृति नवजीवन से भर उठती हैपेड़ों पर नवपल्लव, खेतों में हरियाली और मानव मन में नवचेतना का संचार होता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति ने इस काल को देवी की उपासना, आत्मशुद्धि और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जोड़ा।

**चैत्र नवरात्र : तात्पर्य एवं स्वरूप**

'नवरात्र' शब्द का अर्थ है 'नौ रातें'। ये नौ रातें शक्ति के नौ रूपों की आराधना के लिए समर्पित हैं। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक चलने वाला यह पर्व वासंतिक नवरात्र कहलाता है। यह काल भारतीय पंचांग के अनुसार नववर्ष का भी आरंभ है। इस प्रकार चैत्र नवरात्र केवल धार्मिक पर्व न होकर सांस्कृतिक नवचक्र का उद्घोष है। भारतीय संस्कृति में समय को रैखिक नहीं, चक्रीय माना गया है। चैत्र नवरात्र इसी चक्रीय समय बोध का प्रतीक है, जहाँ एक ओर प्रकृति नवसृजन में प्रवृत्त होती है, वहीं दूसरी ओर मनुष्य आत्मिक एवं सामाजिक नवीकरण की ओर अग्रसर होता है।

**शक्ति उपासना और भारतीय दार्शनिक परंपरा**

भारतीय संस्कृति का मूल दर्शन संतुलन और समन्वय पर आधारित है। यहाँ शक्ति को सृजनात्मक ऊर्जा माना गया है। देवी दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती ये तीनों रूप जीवन के तीन अनिवार्य पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं शक्ति, समृद्धि और ज्ञान। चैत्र नवरात्र में इन तीनों की संयुक्त आराधना होती है। शाक्त दर्शन के अनुसार ब्रह्मांड की समस्त क्रियाशीलता शक्ति से ही संभव है। 'या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता' जैसी उक्तियाँ भारतीय संस्कृति में नारी तत्त्व के दार्शनिक गौरव को उद्घाटित करती हैं। चैत्र नवरात्र इस बात का सांस्कृतिक घोष है कि भारतीय समाज ने नारी को केवल सामाजिक इकाई नहीं, बल्कि सृजन की मूलाधार शक्ति माना है।

**नारी-सम्मान और मातृसंस्कृति**

चैत्र नवरात्र भारतीय संस्कृति की मातृप्रधान चेतना का उत्सव है। कन्या पूजन, देवी आराधना और मातृ शक्ति की उपासना इस बात का संकेत है कि भारतीय समाज में नारी को देवीतुल्य स्थान प्राप्त है। यह परंपरा केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि सामाजिक मूल्य बोध की अभिव्यक्ति है। कन्या पूजन में नौ कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजित किया जाता है। यह परंपरा नारी सम्मान, बालिका सुरक्षा और स्त्री गरिमा के सांस्कृतिक आदर्श को पुष्ट करती है। भारतीय संस्कृति में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' जैसी मान्यताएँ चैत्र नवरात्र के माध्यम से जीवन में साकार होती हैं।

**ऋतु-परिवर्तन और प्रकृति-संस्कृति का समन्वय**

चैत्र नवरात्र का संबंध केवल धर्म से नहीं, बल्कि प्रकृति से भी है। यह वह समय है जब शीत ऋतु का अंत और ग्रीष्म का आरंभ होता है। भारतीय संस्कृति में पर्वों को ऋतु चक्र से जोड़कर देखा गया है ताकि मानव जीवन प्रकृति के अनुकूल चल सके। व्रत, उपवास और सात्त्विक आहार का विधान शरीर और मन को ऋतु परिवर्तन के अनुरूप ढालने का वैज्ञानिक उपाय भी है। इस प्रकार चैत्र नवरात्र भारतीय संस्कृति में निहित प्राकृतिक संतुलन और स्वास्थ्य बोध को भी अभिव्यक्त करता है।

**एक सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विमर्श**

**व्रत, संयम और आत्मशुद्धि**

चैत्र नवरात्र में व्रत-उपवास का विशेष महत्व है। व्रत का अर्थ केवल भोजन-त्याग नहीं, बल्कि इंद्रिय संयम और आत्मानुशासन है। भारतीय संस्कृति में संयम को शक्ति माना गया है। नवरात्र का व्रत मनुष्य को भोगवादी प्रवृत्तियों से हटाकर आत्मचिंतन की ओर प्रेरित करता है। यह आत्मशुद्धि का काल है, जिसमें साधक अपने आचार विचार को पवित्र करता है। इस प्रकार चैत्र नवरात्र भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक अनुशासन का सशक्त उदाहरण है।

**लोकसंस्कृति और क्षेत्रीय परंपराएँ**

चैत्र नवरात्र का प्रभाव केवल शास्त्रीय धर्म तक सीमित नहीं, बल्कि लोकसंस्कृति में भी गहराई से समाया हुआ है। उत्तर भारत में रामनवमी, पूर्वी भारत में देवी गीत, मध्य भारत में जस गीत और ग्रामीण अंचलों में देवी जागरण ये सभी चैत्र नवरात्र की लोकाभिव्यक्तियाँ हैं। लोकगीतों, कथाओं और अनुष्ठानों के माध्यम से यह पर्व जन सामान्य को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। इससे भारतीय संस्कृति की लोकधारात्मक और जनमुखी प्रकृति स्पष्ट होती है।

**रामनवमी और मर्यादा संस्कृति**

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। यह संयोग अत्यंत अर्थपूर्ण है। जहाँ नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है, वहीं रामनवमी मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन का प्रतीक है। इस प्रकार शक्ति और मर्यादा का समन्वय भारतीय संस्कृति की विशेष पहचान है। राम भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। उनका जीवन सत्य, करुणा, त्याग और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र और रामनवमी का संयुक्त आयोजन भारतीय संस्कृति के नैतिक और आदर्शवादी चरित्र को उजागर करता है।

**सामाजिक समरसता और सामूहिक चेतना**

चैत्र नवरात्र सामूहिक उपासना, भजन कीर्तन और सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता और समरसता का भाव उत्पन्न करता है। जाति, वर्ग और आर्थिक भेदभाव से ऊपर उठकर लोग देवी पूजन में सहभागी होते हैं। भारतीय संस्कृति का मूल तत्व 'वसुधैव कुटुम्बकम्' है। चैत्र नवरात्र इस भावना को व्यवहारिक रूप में स्थापित करता है। यह पर्व व्यक्ति को समाज से और समाज को संस्कृति से जोड़ता है।

**समकालीन संदर्भ में चैत्र नवरात्र**

आधुनिक समय में जब भौतिकता, उपभोक्तावाद और व्यक्तिवाद का प्रभुत्व बढ़ रहा है, चैत्र नवरात्र भारतीय संस्कृति के मूल्यों की पुनः स्मृति कराता है। यह पर्व हमें आत्मसंयम, नारी सम्मान, प्रकृति संतुलन और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। आज आवश्यकता है कि हम चैत्र नवरात्र को केवल कर्मकांड तक सीमित न रखकर इसके सांस्कृतिक और नैतिक संदेशों को जीवन में उतारें। तभी भारतीय संस्कृति की यह अमूल्य परंपरा सार्थक सिद्ध होगी।

चैत्र नवरात्र भारतीय संस्कृति का सजीव प्रतीक है। इसमें धर्म, दर्शन, प्रकृति, समाज और नैतिकता सभी का समन्वित रूप दिखाई देता है। यह पर्व शक्ति उपासना के माध्यम से नारी गरिमा को प्रतिष्ठित करता है, ऋतु परिवर्तन के माध्यम से प्रकृति बोध सिखाता है और व्रत संयम के द्वारा आत्मशुद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। यह नवरात्र केवल नौ दिनों का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय जीवन दृष्टि का उत्सव है। यह हमें स्मरण कराता है कि भारतीय संस्कृति केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की जीवन दिशा है।

## विदेश की खबरें

### नेपाल के निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति पौडेल को आम चुनाव के अंतिम परिणाम प्रस्तुत किये

**काठमांडू :** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को आम चुनाव के अंतिम परिणाम प्रस्तुत किए, जिससे चुनाव प्रक्रिया का औपचारिक रूप से समापन हो गया। प्रतिनिधि सभा के चुनाव पांच मार्च, 2026 को हुए, जिसमें 275 सदस्यीय निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) के लिए मतदान हुआ। प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों में से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान द्वारा और 110 सदस्य आनुपातिक मतदान द्वारा चुने जाते हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति पौडेल को परिणाम प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति पौडेल ने चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ''कठिन और जटिल परिस्थितियों'' के बावजूद इन्हें समर्पण और ईमानदारी के साथ संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा, ''स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में पांच मार्च को प्रतिनिधि सभा के चुनाव कराकर आयोग ने अपने संवैधानिक दायित्व को सफलतापूर्वक पूरा किया है।'

### इजराइल व हिज्बुल्ला के बीच युद्ध में 1,000 से अधिक लोग मारे गए : लेबनान

**दुबई :** लेबनान सरकार के अनुसार, ईरान समर्थित समूह हिज्बुल्ला के खिलाफ इजराइली हमलों के कारण 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। लेबनान सरकार ने कहा कि इजराइली हमलों के कारण 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं जो कुल आबादी का करीब 20 प्रतिशत है। इस बीच इजराइल का कहना है कि उसके हमलों में हिजबुल्ला के 500 से अधिक लड़ाके मारे गए हैं।

### ईरान के मिसाइल हमले से उत्तरी इजराइल में बिजली ग्रिड क्षतिग्रस्त

**दुबई :** ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमले से उत्तरी इजराइल में बिजली ग्रिड क्षतिग्रस्त हो गया है। इजराइल के ऊर्जा मंत्री एली कोहेन ने यह जानकारी दी। कोहेन ने कहा कि उत्तरी इजराइल में बिजली ग्रिड को कुछ नुकसान पहुंचा है और कर्मचारियों ने कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है और उन क्षेत्रों में भी बिजली बहाल करने का प्रयास जारी है जहां अब भी बिजली नहीं है। इस बीच इजराइली मीडिया ने उत्तरी शहर हाइफा में तेल रिफाइनरी से उठते काले धुएं की तस्वीरें दिखाईं।

## वर्ग पहेली नं. 3384

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | |
| | ■ | 5 | | ■ | | ■ | 6 | | ■ |
| 7 | | | ■ | 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 | | 21 | |
| ■ | | ■ | 22 | 23 | | | ■ | | ■ |
| 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | | | 27 |
| | ■ | 28 | | | | | ■ | 29 | |

*बायें से दायें:-* 1) उपलक्ष्य में, 2) अशक्य, 4) अपर्याप्त, 5) ऋण, 6) धीमा, 7) दुःख, 8) बेदिल, 10) एक संख्या, 12) ज़िद, 14) जुड़वाँ, 16) व्यतीत *(समय)*, 18) चकल्लस, 19) जहन्नुम, 20) भूतकाल, 22) असह्य, 24) अप्रचलित, 26) हेकड़ी; सीनाज़ोरी, 28) असंभव, 29) इच्छा.

*ऊपर से नीचे:-* 1) पराजय, 2) प्रार्थना, 3) डरावना, 4) संख्या, 5) झगड़ा, 9) दो से विभाज्य संख्या, 11) चढावउतारहीन; हमवार, 13) इठलाना, 15) शर्मसार, 17) सितार की तरह का एक बाजा, 20) ग्रीवा, 21) अचूक *(औषध)*, 23) क्रुद्ध; ज्वरग्रस्त, 24) पक्का; अखंडनीय, 25) माता-मह, 27) निकट भूतकालीन.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | र | स | री | ■ | बा | प | दा | दे | ■ |
| रा | ■ | मा | ता | म | ह | ■ | ■ | ना | म |
| स | मा | ज | ■ | हा | र | ■ | सो | ■ | द |
| र | ■ | वा | म | न | ■ | न | म | की | न |
| ■ | अं | द | र | ■ | पा | ■ | वा | ■ | गो |
| खे | त | ■ | म्म | ■ | बं | द | र | ■ | पा |
| ■ | भां | ■ | त | क | दी | र | ■ | दि | ल |
| शा | व | क | ■ | मी | ■ | ख़ा | त | मा | ■ |
| प | ■ | मी | च | ना | ■ | स्त | ■ | ग़ | म |

## सुडोकू-पहेली-3342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 8 | 2 | | |
| | 7 | | 9 | | | | | |
| 1 | | | | 7 | | 3 | 8 | 5 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | 2 | 8 | 3 | |
| | 8 | 7 | | | | 5 | 9 | |
| | | | 6 | | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 1 | 6 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3341 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 2 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 |

# शुभेंदु ने ममता को 25 हजार वोटों से हराने का किया दावा

❑ भाजपा नेता का आरोप, टैक्सी चालकों-दुकानदारों को परेशान कर रही ममता सरकार
❑ प्रचार के दौरान लगे 'गो बैक' के नारे, भाजपा नेता पहुंचे भवानीपुर थाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को दक्षिण कोलकाता की बहुचर्चित भवानीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस दिन, शुभेंदु सुबह दिल्ली से कोलकाता पहुंचे और चकबेरिया रोड रवाना हुए, जहां उन्होंने भाजपा के भवानीपुर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और फिर एक रैली निकाली। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि रैली को मिली प्रतिक्रिया से वह उत्साहित हैं और वह निर्वाचन क्षेत्र के हर हिस्से में प्रचार करेंगे। शुभेंदु ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे स्वीकार करेंगे। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि मैं 25,000 मतों के अंतर से जीतूंगा। जनता ने आज दिखा दिया है कि यहां कोई चुनौती नहीं है। शुभेंदु ने ममता पर निशाना साधते हुए कहा कि घुसपैठियों और भ्रष्टाचार की नेता को हराना होगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छोटे दुकानदारों ने मुख्यमंत्री के भतीजे द्वारा उत्पीड़न किये जाने की शिकायत की है। शुभेंदु का इशारा तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की ओर था। उन्होंने कहा कि छोटे दुकानदारों, चालकों और आम लोगों ने मुझे बताया है कि वे तृणमूल के अत्याचारों से आजिज आ चुके हैं। चैत्र नवरात्र के पहले दिन के पावन अवसर पर, मैंने केवल एक ही लक्ष्य के साथ चुनाव प्रचार शुरू किया है कि तृणमूल को हराना ही होगा। चकबेरिया रोड इलाके में दोनों दलों के समर्थकों की भारी भीड़ जमा होने से कुछ समय के लिए तनाव व्याप्त हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुभेंदु के आने का जश्न मनाया, वहीं तृणमूल समर्थकों ने 'जय बांग्ला' और 'ममता बनर्जी जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए। कोलकाता पुलिस के कर्मियों को भारी संख्या में तैनात किया गया था तथा वे दोनों दलों के समर्थकों को अलग-अलग करने और किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए वहां मुस्तैद थे। शुभेंदु भवानीपुर पुलिस थाने भी गए और आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी रैली को प्रतिबंधित किया गया या पार्टी कार्यकर्ताओं को परेशान किया गया, तो वह धरना देंगे। दो सीटों से चुनाव लड़ने के उनके फैसले के बारे में पूछे जाने पर भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझे दोनों जगहों से चुनाव लड़ने का निर्देश दिया है। मैं नंदीग्राम से काफी मतों के अंतर से जीतूंगा और यहां (भवानीपुर) भी ममता बनर्जी को हरा दूंगा। नंदीग्राम में उनके प्रतिद्वंद्वी के बारे में पूछे जाने पर, जो पहले उनके साथ जुड़े हुए थे, शुभेंदु ने कहा कि मैं उनके बारे में कुछ नहीं कहूंगा। नंदीग्राम के लोग जानते हैं कि मैं उनके साथ कैसे खड़ा रहा हूं।



### नामांकन से पहले हाई कोर्ट पहुंचे शुभेंदु अधिकारी

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को भवानीपुर विधानसभा सीट से ममता बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार बनाया है, लेकिन नामांकन दाखिल करने से पहले शुभेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनकी शिकायत मुख्य रूप से पुलिस के खिलाफ है। शुभेंदु अधिकारी के मुताबिक, पुलिस उन्हें उनके खिलाफ कुल केस की सही जानकारी नहीं दे रही है। इसी आरोप को लेकर शुभेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## तृणमूल का चुनावी घोषणापत्र तैयार, महिला सशक्तिकरण और युवाओं पर रहेगा जोर

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव 2026 की घोषणा के बाद अब राजनीतिक दलों में घोषणापत्र जारी करने की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में तृणमूल कांग्रेस शुक्रवार यानी आज अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करने जा रही है। सूत्रों के अनुसार, इस घोषणापत्र में पिछले 15 वर्षों के विकास कार्यों का विस्तृत विवरण दिया जाएगा, साथ ही आगामी पांच वर्षों की योजनाओं की रूपरेखा भी पेश की जाएगी। पार्टी महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए नए अवसर और बंगाली अस्मिता की रक्षा जैसे मुद्दों पर विशेष जोर देगी। जानकारी मिली है कि तृणमूल इस बार महिलाओं और युवाओं के लिए अलग-अलग घोषणापत्र भी जारी कर सकती है। इनमें विभिन्न सामाजिक वर्गों के लिए चलाई गई योजनाओं की उपलब्धियां और भविष्य की योजनाएं शामिल होंगी। पार्टी का मुख्य फोकस विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और नई योजनाओं के जरिए जनता तक लाभ पहुंचाने पर रहेगा।

# फैसले से पीछे हटा चुनाव आयोग, पांच आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राज्य से पांच आईपीएस अधिकारियों को अन्य राज्यों में पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में तैनात करने के अपने पूर्व निर्णय को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

बता दें कि आयोग ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर बिधाननगर पुलिस आयुक्त मुरलीधर शर्मा और सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्त सैयद वकार रजा सहित 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादलों की घोषणा की थी, ताकि वे राज्य के बाहर होने वाले चुनावों में पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर सकें। हालांकि, आयोग ने 24 घंटे के भीतर ही उनमें से पांच के संबंध में अपना निर्णय बदल दिया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के शेष 10 अधिकारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अन्य राज्यों में पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए रवाना होंगे। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 'पांच अधिकारियों से संबंधित आदेश को फिलहाल सुरक्षित रखा गया है। उन्हें तत्काल रवाना होने की आवश्यकता नहीं है। नयी दिल्ली में आयोग द्वारा जारी पूर्व अधिसूचना के अनुसार, मुरलीधर शर्मा और सैयद वकार रजा को तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

### आईपीएस के बाद अब छह आईएएस को दूसरे राज्यों में ऑब्जर्वर बनाकर भेजा गया




चुनाव आयोग ने बुधवार को आधे से ज़्यादा ज़िलों के जिलाधिकारी (डीएम) बदल दिए। नियम के मुताबिक, उन्हें नवान्न ने नई पोस्टिंग दी थी। लेकिन, उस पोस्टिंग के बाद, आयोग ने पांच आईएएस अधिकारियों को ऑब्जर्वर बनाकर दूसरे राज्यों में भेज दिया। चुनाव आयोग ने पांच डीईओ प्रीति गोयल, रानी आयशा, अरविंद कुमार मीणा, सियाद एन और शमा परवीन के साथ पंचायत सचिव उलगानाथन को दूसरे राज्यों में भेजा है। इन अधिकारियों को तीन चरण में तमिलनाडु जाना होगा। पहले चरण में उन्हें कम से कम एक हफ़्ते तक रहना होगा, दूसरे चरण में उन्हें 30 मार्च तक जाना होगा, उन्हें वोटिंग खत्म होने तक रहना होगा और तीसरे चरण में उन्हें काउंटिंग से दो दिन पहले जाना होगा।

## राज्यपाल ने शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

### निष्पक्ष चुनाव के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को लोक भवन में नव नियुक्त मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला, गृह सचिव संघमित्रा घोष और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बंद कमरे में बैठक की। लगभग 30 मिनट तक चली इस बैठक में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सिद्ध नाथ गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) (कानून और व्यवस्था) अजय मुकुंद रानाडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में कानून के शासन का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देना चाहिए। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और गुंडों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम हो। उन्होंने यह भी जोर दिया कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे मतदाता बिना किसी डर के घरों से निकल सकें और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। राज्यपाल ने अधिकारियों से चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को सख्ती से रोकने के लिए सतर्क रहने को कहा।

## भांगड़ में बम विस्फोट से मचा हड़कंप, एक की मौत की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के भांगड़ क्षेत्र में बुधवार रात बम विस्फोट की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार भांगड़ के चालताबेड़िया के बामनिया इलाके में एक परित्यक्त घर में बम बनाते समय अचानक विस्फोट हो गया। घटना में एक व्यक्ति की मौत की आशंका जताई जा रही है, जबकि कई लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक मृतक और घायलों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि विस्फोट के बाद इलाके में तनाव फैल गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार घटना के बाद एक एसएफआई कार्यकर्ता के साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप है। आईएसएफ के स्थानीय नेताओं का आरोप है कि जिस घर में विस्फोट हुआ वहां बम तैयार किए जा रहे थे और वहां विस्फोटक सामग्री भी जमा की गई थी। आईएसएफ का दावा है कि इस घटना में मृतक और घायल सभी तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय समर्थक हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में तृणमूल कांग्रेस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और पूरे मामले की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# आयोग द्वारा हटाए गए 11 डीएम में से नौ को नवान्न ने दिए नए पद

### कोलकाता के डीईओ को भी मिली नई जिम्मेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनाव आयोग द्वारा हटाए गए 11 जिलाधिकारियों (डीएम) में से नौ अधिकारियों को राज्य सरकार ने तुरंत नए पदों पर नियुक्त कर दिया है। नवान्न की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई जिम्मेदारी संभालनी होगी। कोलकाता के दो पूर्व जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। दक्षिण 24 परगना के हटाए गए जिलाधिकारी अरविंद कुमार मीणा को अल्पसंख्यक मामलों के विभाग का सचिव बनाया गया है। पूर्व बर्दवान की पूर्व जिलाधिकारी आयेशा रानी को नगर विकास और नगरपालिका मामलों के विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। मुर्शिदाबाद के पूर्व जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार मीणा को कृषि विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। नदिया के पूर्व जिलाधिकारी निखिल निर्मल को स्कूल शिक्षा विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। मालदह की पूर्व जिलाधिकारी प्रीति गोयल को स्वास्थ्य विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। उत्तर 24 परगना के पूर्व जिलाधिकारी सैयद एन को पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया गया है। अलीपुरद्वार के पूर्व जिलाधिकारी अभिजीत तुकाराम को पशु संसाधन विकास विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। कूचबिहार के पूर्व जिलाधिकारी राजू मिश्रा को परिवहन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। जलपाईगुड़ी के पूर्व जिलाधिकारी रवि प्रकाश मीणा को जन शिक्षा विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। दक्षिण कोलकाता के डीईओ रहे सुमित गुप्ता को आपदा प्रबंधन विभाग का सचिव बनाया गया है। उत्तर कोलकाता के डीईओ के रूप में कोलकाता नगर निगम के आयुक्त अंशुल गुप्ता को कुछ दिन पहले जिम्मेदारी दी गई थी। चुनाव आयोग ने उन्हें बुधवार को उस पद से हटा दिया था। अब राज्य सरकार ने उन्हें नगर विकास विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया है।

# पहली अनुपूरक मतदाता सूची जारी होने पर संशय, सुरक्षा कारणों से टला फैसला

**कोलकाता :** पहली अनुपूरक मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। शुक्रवार को सूची जारी होने की संभावना पर संशय पैदा हो गया है। पवित्र ईद के मौके पर किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की समस्या से बचने के लिए चुनाव आयोग और राज्य सरकार सतर्क रुख अपना रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने भी आपत्ति जताई है।

सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को कई दौर की बैठकों के बावजूद आयोग कोई अंतिम निर्णय नहीं ले सका। अब इस मामले को उच्च न्यायालय के निर्णय पर छोड़ दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, राज्य में अब तक लगभग 24 लाख 'विचाराधीन' मतदाताओं के मामलों का निपटारा किया जा चुका है, जबकि कुल संख्या करीब 60 लाख बताई जा रही है।




गुरुवार सुबह सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल ने राज्य के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस आयुक्त के साथ बैठक की। इस बैठक में सूची जारी करने से पहले संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा हुई।

इसके बाद शाम को मुख्य न्यायाधीश ने एक और आपात बैठक बुलाई, जिसमें राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल और विशेष पर्यवेक्षक शामिल हुए।

उच्च न्यायालय से लौटने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ भी बैठक की। लगातार हो रही इन बैठकों से संकेत मिल रहे हैं कि अतिरिक्त मतदाता सूची जारी करने को लेकर अंतिम निर्णय अभी लंबित है।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि सूची शुक्रवार को जारी की जाएगी या नहीं।

## राज्य सरकार ने नागरिक, ग्राम पुलिस स्वयंसेवकों का तदर्थ बोनस बढ़ाकर 7,400 रुपये किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नागरिक स्वयंसेवकों और ग्राम पुलिस स्वयंसेवकों के तदर्थ बोनस को बढ़ाकर इसे 7,400 रुपये करने के संबंध में अधिसूचना जारी की। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने 27 फरवरी को अपने कर्मचारियों के लिए तदर्थ बोनस में वृद्धि की घोषणा की थी जिसे अब नागरिक और ग्राम पुलिस स्वयंसेवकों तक भी बढ़ा दिया गया है। संशोधित राशि पहले के 6,800 रुपये के बोनस से 600 रुपये अधिक है। राज्य सचिवालय 'नवान्न' द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि संशोधित बोनस राज्य पुलिस और कोलकाता पुलिस के अंतर्गत कार्यरत नागरिक स्वयंसेवकों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल पुलिस के अंतर्गत कार्यरत ग्राम पुलिस स्वयंसेवकों पर भी लागू होगा। राज्य के वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार की पूर्व घोषणा के अनुरूप बढ़ी हुई तदर्थ बोनस राशि चालू वित्त वर्ष से प्रभावी कर दी गई है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उत्पादकता से जुड़े बोनस योजना के अंतर्गत नहीं आने वाले और 31 मार्च, 2026 तक 46,000 रुपये तक का संशोधित मासिक वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी 7,400 रुपये के बोनस के पात्र हैं। अधिकारी ने कहा कि 'इस कदम का उद्देश्य पात्र कर्मियों की श्रेणियों के बीच समानता सुनिश्चित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है।

**चुनाव आयोग ने बोनस देने के मामले में सरकार से मांगी रिपोर्ट**

चुनाव आयोग ने गुरुवार को सरकार से एक रिपोर्ट मांगी। यह रिपोर्ट सरकार द्वारा राज्य पुलिस और कोलकाता पुलिस, दोनों के तहत काम करने वाले नागरिक स्वयंसेवकों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल पुलिस के तहत आने वाले ग्राम पुलिस स्वयंसेवकों के लिए, वित्त वर्ष 2025-26 हेतु एक तदर्थ बोनस देने की घोषणा किए जाने के बाद मांगी गई है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## आरजी कर पीड़िता की मां लड़ेंगी चुनाव, भाजपा के टिकट पर पानीहाटी से उतरने की तैयारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजी कर अस्पताल मामले की पीड़िता की मां ने गुरुवार को कहा कि वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं, और उनका उद्देश्य तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाने के लिए राजनीतिक मार्ग अपनाना है। दिवंगत डॉक्टर की मां ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें उत्तर 24 परगना के पानीहाटी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ाए जाने की संभावना है, और भाजपा द्वारा जल्द ही जारी की जाने वाली उम्मीदवारों की दूसरी सूची में उनका नाम शामिल हो सकता है।

पीड़िता की मां ने कहा कि उन्हें पहले भाजपा से प्रस्ताव मिला था, लेकिन उस समय वह मानसिक रूप से तैयार नहीं थीं। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत पहले भाजपा से (चुनाव लड़ने का) प्रस्ताव मिला था, लेकिन तब मैं मानसिक रूप से तैयार नहीं थी। कल मैंने इसे स्वीकार करने और चुनाव लड़ने का फैसला किया क्योंकि मैं गृह मंत्री के शासन को समाप्त करना चाहती हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का जिक्र करते हुए यह बात कही, जिनके पास गृह विभाग का प्रभार भी है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने उनकी बेटी के मामले में जांच और न्याय प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बेटी के लिए न्याय सुनिश्चित करने और इस सरकार को सत्ता से हटाने के लिए राजनीति में प्रवेश कर रही हूं।

# चुनाव के बीच हरोआ में तृणमूल कार्यकर्ता का क्षत-विक्षत शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव के बीच उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखां इलाके में टीएमसी के एक स्थानीय कार्यकर्ता का शव गुरुवार की सुबह बरामद हुआ, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान मोशिउर काजी (38) के रूप में हुई है, जो हरोआ विधानसभा क्षेत्र के गांगनिया गांव के निवासी थे। स्थानीय लोगों का दावा है कि वह तृणमूल कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता थे। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह झुझुर्गाछा गांव (सोनापुकुर-शंकरपुर ग्राम पंचायत) में सड़क किनारे एक शव पड़ा मिला। शव पर किसी धारदार हथियार से कई वार के निशान थे और चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत किया गया था, जिससे पहचान करना मुश्किल हो रहा था। सूचना पाकर हरोआ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने स्थानीय मीडिया को बताया कि सुबह हमें खबर मिली। शव देखकर पता चला कि यह मेरे भाई का है। उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। इसके पीछे राजनीतिक दुश्मनी का इतिहास है। हमें न्याय चाहिए। बशीरहाट पुलिस जिला के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मृतक का चेहरा इतना क्षत-विक्षत था कि पहली नजर में पहचान संभव नहीं थी। काफी देर बाद स्थानीय लोग उसकी पहचान कर सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हत्या के पीछे राजनीतिक रंजिश है या कोई पुरानी दुश्मनी।




**पूर्व रेलवे**

**सं.सीओएम/सीवी/मिल्क स्टॉल/एसबीडी/2019** **दिनांक: 13.03.2026**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), सियालदह मंडल, पूर्व रेलवे, दूसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल के तहत केवल 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए बहरमपुर कोर्ट स्टेशन में मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु खाद्य एवं खानपान सेवा प्रदाता, किसी व्यक्ति या एकल मालिकाना फर्म या कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित कंपनी या पार्टनरशिप अधिनियम, 1932 के तहत पंजीकृत पार्टनरशिप फर्म, जिनके पास कैटरिंग व्यवसाय में तीन वर्ष का अनुभव है एवं अन्य वित्तीय पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं, से ई-निविदा प्रतिस्पर्धी, एकल चरण दो पैकेट प्रणाली में आमंत्रित की जाती है। प्रस्तावित यूनिट का विवरण निम्नानुसार है:- **स्टेशन:** बहरमपुर कोर्ट, **स्टेशन की श्रेणी:** बी, **यूनिट नं.:** बीपीसी-एमएस-01, **कैटेगरी:** जनरल, **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 1 (ड्राइंग के अनुसार), **वार्षिक न्यूनतम आरक्षित मूल्य:** रु.2,64,550/-, **बयाना राशि (ईएमडी):** रु. 27,600/-और **बोली कागजात का मूल्य:** रु.2,240/-, आरक्षित मूल्य, निविदा कागजात की लागत, बयाना राशि जमा, विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। वर्तमान निविदा के लिए बोली केवल उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। **बोली बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 07.04.2026 को 14.00 बजे।
SDAH-444/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं.सीवी/एलॉटमेंट/237/जीएमयू/2019** **दिनांक: 13.03.2026**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), सियालदह मंडल, पूर्व रेलवे, दूसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल के तहत केवल 05 (पाँच) वर्ष की अवधि के लिए बैरकपुर स्टेशन में मॉड्यूलर कैटरिंग स्टॉल के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु खाद्य एवं खानपान सेवा प्रदाता, किसी व्यक्ति या एकल मालिकाना फर्म या कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित कंपनी या पार्टनरशिप अधिनियम, 1932 के तहत पंजीकृत पार्टनरशिप फर्म, जिनके पास कैटरिंग व्यवसाय में तीन वर्ष का अनुभव है एवं अन्य वित्तीय पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं, से ई-निविदा प्रतिस्पर्धी, एकल चरण दो पैकेट प्रणाली में आमंत्रित की जाती है। प्रस्तावित यूनिट का विवरण निम्नानुसार है:- **स्टेशन:** बैरकपुर, **स्टेशन की श्रेणी:** सी, **यूनिट नं.:** बीपी-1/3/9/ए, **कैटेगरी:** जनरल, **स्थान:** प्लेटफॉर्म नं. 1 (ड्राइंग के अनुसार), **वार्षिक न्यूनतम आरक्षित मूल्य:** रु.3,43,322/- **बयाना राशि (ईएमडी):** रु. 35,800/-और **बोली कागजात का मूल्य:** रु.2,240/-, आरक्षित मूल्य, निविदा कागजात की लागत, बयाना राशि जमा, विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। वर्तमान निविदा के लिए बोली केवल उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। **बोली बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 07.04.2026 को 14.00 बजे।
SDAH-442/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (कचट्टाक)/ईएमयू कार शेड, टिकियापाड़ा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने वर्णित तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी। **क्रम सं., खुली निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) आरएस-टीपीकेआर-पीकेयू-347855,** ईएमयू ट्रिप शेड पांशकुड़ा में कचरा हटाने और अन्य सफाई कार्यों आदि सहित ईयू रेकों को यांत्रिक रूप से बुहारना, सफाई और धुलाई कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 80,22,379/-, **बयाना राशि:** रु. 1,60,500/-, **(2) टीआरएस-मेमू-शेडक्लीन-320245,** 02 वर्षों के लिए कचरा हटाने एवं कार्यालय भवन के कमरों, शेड परिसरों सहित मेमू कार शेड, खड़गपुर को यांत्रिक रूप से बुहारना एवं सफाई कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 44,61,271.78, **बयाना राशि:** रु. 89,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.5,000/-प्रत्येक हेतु। **खुलने की तिथि:** 14.04.2026 प्रत्येक हेतु। **समापन अवधि:** 24 माह प्रत्येक हेतु। **जमा करने की तिथि:** 14.04.2026 को 15.00 बजे तक प्रत्येक हेतु। इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश, शुद्धिपत्र के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **(PR-1328)**

**पूर्व रेलवे**

**आरएफक्यू सं. ईएलईजी-आरएफक्यू-पीपीपी-1230-2025-26-आर** **दिनांक: 12.03.2026**
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए नीचे मैनुअल निविदा में वर्णित अनुसार निर्धारित प्रारूप में पर्याप्त अनुभव, क्षमता एवं अपेक्षित प्रतिष्ठान रखने वाले ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों से मैनुअल निविदा के माध्यम से रिक्वेस्ट फॉर क्वालिफिकेशन (आरएफक्यू) आमंत्रित किया जाता है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** खुले विज्ञापन के माध्यम से बाहरी एजेंसी द्वारा टर्नकी आधार पर, सियालदह मंडल के अंतर्गत काँचरापाड़ा वर्कशॉप क्षेत्र में पीपीपी मॉडल के तहत, सीधे 25केवी, 1फेज़, 50 हट्र्ज़ ट्रैक्शन ओएचई में सौर ऊर्जा प्रवाहित करने के लिए 3.0 एमडब्ल्यू (एसी क्षमता) वाले ग्रिड-कनेक्टेड ग्राउंड/वाटर बॉडी आधारित सोलर फोटोवोल्टेक पावर प्लांट का डिज़ाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरंभ जिसमें वारंटी, संचालन और रखरखाव शामिल है। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** पीपीपी मॉडल, बोलीदाताओं द्वारा कोट किया जाएगा। **कार्य की समापन अवधि:** पीपीए के हस्ताक्षर से 12 माह। **आरएफक्यू की विज्ञापन अवधि:** 12.03.2026 से 27.04.2026 तक। **निविदा बॉक्स** : निविदा बॉक्स वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के कार्यालय में उपलब्ध होगा। **आरएफक्यू के बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 27.04.2026 को 14.00 बजे (बंद किया जाना) एवं 14.30 बजे (खोला जाना)। **निविदा (आरएफक्यू) के खुलने का स्थान** :वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./ पूर्व रेलवे, सियालदह का कार्यालय। **वेबसाइट का विवरण और कार्यालय का पता जहाँ से आरएफक्यू का क्रय आदि किया जा सकता है:** आरएफक्यू कागजात वेबसाइट http://www.er.indianrailways. gov.in पर उपलब्ध है, कार्यालय: वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014, ई-मेल: sr.dee.gen.sdah@gmail.com **आरएफक्यू कागजात का मूल्य:** रु.10,000/- (जीएसटी सहित) जो एफए एण्ड सीएओ/पूर्व रेलवे/केकेके के पक्ष में एनईएफटी/आरटीजीएस ट्रांसफर के माध्यम से जमा किया जाएगा (अकाउंट नं. 30605498212, आईएफएससी कोड: SBIN0000001), **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु.21,53,200/- जो आरएफक्यू कागजात में वर्णित प्रारूप में आरएफक्यू के प्रत्युत्तर के साथ जमा की जानी चाहिए। **नाम, पदनाम, पता एवं अन्य विवरण (आरएफक्यू/आरएफपी के प्रत्युत्तर में जमा करने के लिए)** :वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./ सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग की दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014, आरएफक्यू और तकनीकी उपयुक्तता के साथ-साथ निविदाओं की वित्तीय उपयुक्तता के लिए अनुरोध किए गए अन्य विवरण जैसे प्रमाणपत्र, लाइसेंस आदि के बारे में सभी पूछताछ के लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), सियालदह कंट्रोल बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय का दौरा करें।
SDAH-445/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2026/बी/7369917, दिनांक: 18.03.2026, इलेक्ट्रॉनिक आंकड़ा** परिशोधन प्रबंधक, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती हैं। **वस्तु श्रेणी :** पूर्व-स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - डेस्कटॉप पीसी; एचपी, डेल, एसर, लेनोवो और अन्य; व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी); एटीसी के अनुसार; हाँ, पूर्व-स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - ऑल इन वन (एआईओ) पीसी; एचपी, डेल, एसर, लेनोवो और अन्य; व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी); एटीसी के अनुसार; हाँ, पूर्व-स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - प्रिंटर; एचपी, सैमसंग, कैनन, ब्रदर एवं अन्य; व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी); एटीसी के अनुसार; हाँ, पूर्व स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर (डीएमपी); एप्सॉन और अन्य; व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी); एटीसी के अनुसार; हाँ, पूर्व-स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - यूपीएस; बीपीई, एपीसी, साइबर पावर और अन्य; व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी); एटीसी के अनुसार; हाँ, पूर्व स्वामित्व वाले उत्पादों के लिए अनुकूलित एएमसी/सीएमसी - लैपटॉप; एचपी, डेल, लेनोवो, एसर और अन्य; व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी); एटीसी के अनुसार; हाँ। **कार्यालय का नाम :** कांचरापाड़ा वर्कशॉप। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 28.03.2026, 14.00.00, **बिड खुलने की तारीख/समय:** 28.03.2026, 14.30.00, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) : 90** (दिन)। **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 11 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष** : 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), ओईएम प्राधिकरण प्रमाणपत्र, अतिरिक्त दस्तावेज 1 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 2 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 3 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 4 (एटीसी में अनुरोध किया गया) "यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार :** एकल पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय:** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु. 21,31,670/- **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि:** रु.42,630/-
MISC-424/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 83/ईटी/2025-26 दिनांक: 16.03.2026**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04261067 | पीवीसी फ्लोरिंग रोल 2 x 1850 x 14000 एमएम | 466 नग | 09.04.2026 |
| 02 | 04265003 | किट ऑफ विन्डो ब्रास एन्ड विन्डो सपोर्ट फॉर एलडब्लूएस एन्ड एनएसी सीसी कोचेज | 8000 सेट | 07.04.2026 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | स. 79 ईटी/2025-26 दिनांक: 24.02.2026 | टेंडर नं. 03261137 | निविदा खुलने की तिथि 18.03.2026 के स्थान पर तिथि 17.04.2026 पढे |
| 02 | शुद्धि पत्र सं 07/2025-2026 दिनांक: 28.02.2026 | टेंडर नं. 05251075सी | निविदा खुलने की तिथि 17.03.2026 के स्थान पर तिथि 24.03.2026 पढे |
| 03 | सं. 77 ईटी/2025-26 दिनांक: 17.02.2026 | टेंडर नं 11251286 | निविदा खुलने की तिथि 16.03.2026 के स्थान पर तिथि 25.03.2026 पढे |
| 04 | स. 80 ईटी/2025-26 दिनांक: 26.02.2026 | टेंडर नं. 12251304 | निविदा खुलने की तिथि 17.03.2026 के स्थान पर तिथि 31.03.2026 पढे |
| 05 | स. 82 ईटी/2025-26 दिनांक: 11.03.2026 | टेंडर नं. 03251075बी | निविदा खुलने की तिथि 17.03.2026 के स्थान पर तिथि 24.03.2026 पढे |

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 84/ईटी/2025-26 दिनांक: 18.03.2026**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04261062 | सेट आफँ एल्युमिनियम चेकर्ड शीट फॉर एलएचबी जीएस अमृत भारत कोचेज | 49 सेट | 10.04.2026 |
| | | सेट आफँ एल्युमिनियम चेकर्ड शीट फॉर एलएचबी एसएलआर अमृत भारत कोचेज | 14 सेट | |
| | | सेट आफँ एल्युमिनियम चेकर्ड शीट फॉर एलएचबी एससीएन अमृत भारत कोचेज | 72 सेट | |

(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)
उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/फर.

**निविदा सूचना सं:- AMC-PRESS-800T-25-26-185**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या AMC-PRESS-800T-25-26-185 नियत तिथि:-10.04.2026 जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है, यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है।, **कार्य का नाम:-** खुली निविदा के माध्यम से शीट मेटल शॉप में स्थापित 800 टन क्षमता वाली सीएनसी फोर कॉलम हाइड्रोलिक प्रेस मशीनों के लिए 2 साल का गैर-व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।, **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:-** रु. 94,16,400.00 (रुपये चौरानबे लाख सोलह हजार चार सौ मात्र), **धरोहर राशि:-** रु. 1,88,300.00, • निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 5,000.00 कार्य समापन की अवधि - दो वर्ष (24 माह), • निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 10.04.2026 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
WM/M&P

**निविदा संख्या:- RBL-MD16526-AMCCAD-2026-A** **नियत तिथि:- 18.03.2026**
**संशोधन सूचना-I**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/अभिकल्प-I, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली (लालगंज) द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना के संदर्भ में:- निविदा संख्या RBL-MD16526-AMCCAD-2026-A के अंतर्गत "आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सिएमेंस के 3D NX MACH 3 इंडस्ट्रियल डिजाइन सॉफ्टवेयर, Teamcenter और NX CAM सॉफ्टवेयर के अनुरक्षण, उन्नयन एवं तकनीकी सहायता (ME&S) हेतु कार्य के दायरे के अनुसार वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC)" कार्य हेतु आमंत्रित खुली ई-निविदा के संबंध में निविदा बंद होने की तिथि एवं समय में संशोधन किया गया है।
**संशोधित विवरण:**

| विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि/समय | संशोधित तिथि/समय |
|---|---|---|
| निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.03.2026, 15:30 बजे | 03.04.2026, 15:30 Hrs |

अन्य सभी शर्तें, नियम एवं निविदा की शेष विवरण यथावत रहेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखें। उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/अभिकल्प-I

**निविदा संख्या ISAHiring2026,** **नियत तिथि: 08.04.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या ISAHiring2026, नियत तिथि 08.04.2026 जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।, **कार्य का नाम:-** व्हील एग्रीमेंट संख्या 2022/RS (WTA)-531/Wheel Agreement/874/1, दिनांक 15.06.2023 के अनुसार व्हील/व्हील सेट के डिजाइन, निर्माण और परीक्षण से संबंधित गुणवत्ता आश्वासन आवश्यकताओं पर एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष मूल्यांकन कराने के लिए स्वतंत्र सुरक्षा/गुणवत्ता मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति।, **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:-** रु. 1,05,56,811.00 (रु. एक करोड़ पाँच लाख छप्पन हजार आठ सौ ग्यारह रुपये मात्र), जिसमें 18% की दर से जीएसटी शामिल है।, **धरोहर राशि:-** रु. 2,02,800.00 (रु. दो लाख दो हजार आठ सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य-** रु. 5,000.00 (रु. पाँच हजार मात्र), • निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय - 08.04.2026 को 15.30 बजे।, • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चुनाव के बीच भांगड़ के तृणमूल नेता आराबुल इस्लाम आईएसएफ में हुए शामिल

## भांगड़ या कैनिंग से लड़ सकते हैं चुनाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव से पहले दक्षिण 24 परगना के भांगड़ क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता आराबुल इस्लाम ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) का दामन थाम लिया है। गुरुवार को फुरफुरा शरीफ में वह औपचारिक रूप से आईएसएफ में शामिल हुए। आईएसएफ में शामिल होने के बाद इस्लाम ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य भांगड़ में शांति स्थापित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह नौशाद सिद्दीकी के नेतृत्व में काम करेंगे और क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति को बदलने की कोशिश करेंगे।

फुरफुरा शरीफ में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान इस्लाम ने तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान में तृणमूल जनता की बात नहीं सुन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भांगड़ में गलत लोगों को जिम्मेदारी दी गयी है। क्षेत्र में आतंक का माहौल बना हुआ है। आराबुल इस्लाम ने तृणमूल कांग्रेस के नेता शौकत मोल्ला पर भी गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि शौकत मोल्ला की वजह से ही इलाके में माहौल अशांत है। इस्लाम ने फिलहाल यह साफ नहीं किया कि वह आगामी चुनाव में किस सीट से उम्मीदवार होंगे। ऐसी चर्चा है कि वह भांगड़ या कैनिंग क्षेत्र की किसी सीट से आईएसएफ के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं।



# जामुड़िया में दीवार लेखन पर गोबर पोतने का आरोप, राजनीतिक माहौल गरमाया

**आसनसोल :** जामुड़िया के कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत तफसी ग्राम पंचायत के कुनुस्तोड़िया के मस्जिद पाड़ा इलाके में तृणमूल कांग्रेस के दीवार लेखन पर गोबर पोतने के आरोप को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। तृणमूल कांग्रेस ने जामुड़िया विधानसभा सीट से हरेराम सिंह को एक बार फिर अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इसके बाद, से पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक जोरशोर से दीवार लेखन के जरिए प्रचार अभियान में जुट गए थे। इसी बीच, इन दीवार लेखनों पर गोबर पोतने की घटना सामने आने के बाद इलाके में भारी तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया है। स्थानीय स्तर पर देखा गया कि कई जगहों पर इस तरह की घटनाएं हुई हैं, जिससे तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नाराजगी फैल गई। घटना




की खबर मिलते ही तफसी क्षेत्र में बड़ी संख्या में तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। दूसरी ओर, भाजपा प्रत्याशी डॉ. बिजन मुखर्जी ने जनसंपर्क और प्रचार अभियान के दौरान इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस तरह के कृत्यों में शामिल नहीं होते। उन्होंने दावा किया कि यह तृणमूल के अंदरूनी गुटबाजी का नतीजा है और इसका भाजपा से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी इस तरह के कार्यों को बढ़ावा नहीं देती।

### पेटीएम ने पेमेंट से पहले कुल रकम कन्फर्म करने के लिए इन-बिल्ट कैलकुलेटर पेश किया

**कोलकाता :** ट्रांज़ैक्शन पूरा करने से पहले, सीधे पेटीएम पेमेंट स्क्रीन के अंदर ही कुल बिल रकम का तुरंत हिसाब लगाने की सुविधा रोज़ाना के पेमेंट करते समय, पेटीएम ऐप और किसी अलग कैलकुलेटर के बीच स्विच करने की ज़रूरत खत्म किराने की दुकानों, सब्ज़ी मंडियों, दवा की दुकानों और आस-पास की दुकानों से खरीदारी करते समय, मौके पर ही बिल का हिसाब लगाना आसान पेटीएम पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड), जो भारत में एमएसएमई और बड़े बिज़नेस को पेमेंट की पूरी सुविधा देने वाली कंपनी है। पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा, हमारा नज़रिया हमेशा से यही रहा है कि हम रोज़ाना के पेमेंट से जुड़ी ज़रूरतों के हिसाब से काम के समाधान तैयार करें।

# चुनाव के बीच राज्य के दो जगहों से भारी मात्रा में नकदी बरामद

**कोलकाता/सिलीगुड़ी**

राज्य में चुनाव के बीच दो अलग-अलग इलाकों में पिछले 12 घंटों के दौरान भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई है। नकदी बरामदगी की ये घटनाएं दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर और उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर के जॉयतला इलाके में नियमित जांच के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को रोका। तलाशी के दौरान उसके बैग से करीब नौ लाख रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम समद अली सरदार है। पुलिस के अनुसार, वह जयनगर थाना क्षेत्र के तिलपी इलाके का रहने वाला है और तिलपी से कुराली की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि नियमित जांच अभियान के दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद तलाशी ली गई और नकदी बरामद हुई। फिलहाल, आरोपित से पूछताछ की जा रही है और पैसे के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

दूसरी घटना, अलीपुरद्वार जिले में सामने आई, जहां पुलिस को सूचना मिली कि चौपाटी मोड़ के पास एक होटल में ठहरे एक दंपति के पास बड़ी मात्रा में नकदी है। सूचना के आधार पर पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने दंपति की निजी कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 2.75 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। वाहन पर असम का पंजीकरण नंबर लगा हुआ था।

पुलिस पूछताछ में वाहन मालिक ने खुद को असम का व्यवसायी बताया। दंपति ने कहा कि वे चिरांग से अलीपुरद्वार घूमने आए थे, लेकिन नकदी के स्रोत को लेकर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में यह सामने आता है कि नकदी का इस्तेमाल चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से किया जाना था, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पलाशीपाड़ा में तृणमूल के खिलाफ आंतरिक विद्रोह,

# बाहरी उम्मीदवार के विरोध में 23 कार्यालयों पर ताला, सड़क जाम

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। नदिया जिले के पलाशीपाड़ा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाहरी उम्मीदवार को टिकट दिए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, पूर्व विधायक माणिक भट्टाचार्य को हटाकर रूकबानू रहमान को उम्मीदवार बनाए जाने से स्थानीय कार्यकर्ता नाराज हैं। पलाशीपाड़ा क्षेत्र को तृणमूल का मजबूत गढ़ माना जाता है, जहां 2021 में माणिक भट्टाचार्य ने 55 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी।

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे से



नाराज कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के 23 पार्टी कार्यालयों पर ताला जड़ दिया। इसके बाद दोपहर 3 बजे बस स्टैंड, बाजारपाड़ा और मुख्य सड़कों पर टायर जलाकर करीब 1000 कार्यकर्ताओं ने चार घंटे तक सड़क अवरोध किया।

प्रदर्शनकारियों की मांग है कि बाहरी उम्मीदवार के बजाय स्थानीय भूमिपुत्र को टिकट दिया जाए। उनका कहना है कि रूकबानू रहमान स्थानीय मुद्दों से जुड़ी नहीं हैं।

स्थानीय नेता गियासुद्दीन मोल्ला ने कहा कि यदि उम्मीदवार नहीं बदला गया तो मुस्लिम समुदाय समेत कई लोग मतदान से दूरी बना सकते हैं। वहीं महिला कार्यकर्ता नर्गिस बेगम ने भी स्थानीय उम्मीदवार की मांग दोहराई।

स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया, हालांकि कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

पार्टी नेतृत्व की ओर से अब तक इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह असंतोष चुनावी समीकरण, खासकर अल्पसंख्यक वोटों पर असर डाल सकता है।

# भाजपा में अब बाहरी नेताओं को मौका नहीं : दिलीप घोष

**पश्चिम मेदिनीपुर :** विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने पहले ही अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची को लेकर कई जिलों में तृणमूल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच असंतोष देखा जा रहा है। इस स्थिति में भाजपा नेता दिलीप घोष ने साफ कर दिया है कि तृणमूल के कई नेता भाजपा में आना चाहते हैं, लेकिन इस बार किसी को भी मौका नहीं दिया जाएगा। गुरुवार की सुबह खड़गपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खड़गपुर सदर सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने कहा कि तृणमूल, उनके विधायक और मंत्री इतने अधिक कटमनी खा चुके हैं कि वे इसके आदी हो गए



हैं। 74 विधायकों के टिकट काटे गए हैं, सभी नाराज हैं और आधे लोग टिकट के लिए भाजपा से संपर्क कर रहे हैं। पिछली बार हमने गलती की थी, हमने हारने वाले लोगों को टिकट दिया था, जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा। इस बार भाजपा किसी को भी शामिल नहीं कर रही है।

## 'विचाराधीन' सूची में नाम आने से दहशत, बादुरिया में युवक ने की आत्महत्या

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के बादुरिया क्षेत्र में मतदाता सूची को लेकर उत्पन्न तनाव के बीच एक युवक की आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 36 वर्षीय इस्माइल मोल्ला के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह पश्चिम नाटुरिया इलाके में उसके घर से शव फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया।

परिवार के अनुसार, पहली चरण की अंतिम मतदाता सूची में इस्माइल के नाम के सामने 'विचाराधीन' लिखा होने के कारण वह पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में था। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद उसकी चिंता और बढ़ गई थी।

बताया गया है कि गुरुवार सुबह वह घर से बाहर गया था। बाद में उसे जानकारी मिली कि शुक्रवार को अतिरिक्त सूची जारी हो सकती है। यह खबर सुनने के बाद वह घर लौट आया। परिवार का दावा है कि घर आने के बाद उसने अपने दोनों बेटों से सामान्य तरीके से बातचीत की और उन्हें स्नेह भी किया। इसके बाद वह अपने कमरे में गया और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक इस घटना पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## एमआईबीएफ ने वरिष्ठ उद्योगपति कमल गांधी का किया सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** माहेश्वरी इंटरनेशनल बिजनेस फाउंडेशन (एमआईबीएफ) ने माहेश्वरी समुदाय के विकास के उद्देश्य से वरिष्ठ उद्योगपति एवं समाजसेवी कमल गांधी को उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने उनसे आत्मीय संवाद भी किया और संगठन की गतिविधियों तथा भावी योजनाओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम में संस्थापक महामंत्री संतोष कुमार लाहोटी सहित सुशील कोठारी, रमेश जाजू, दिनेश भट्टर, मधुर झंवर, अनिरुद्ध राठी और विशाल कोठारी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान कमल गांधी को संस्था की आगामी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर संगठन को



महत्वपूर्ण सुझाव दिए और समुदाय के विकास के लिए ऐसे प्रयासों की सराहना की।

एमआईबीएफ के अनुसार 29 मार्च को हिंदुस्तान क्लब में राजस्थान दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, संस्था वर्ष 2024 से 2026 तक सीए उत्तीर्ण करने वाले समुदाय के युवाओं को सम्मानित करने की योजना बना रही है। संस्था 23-24 मई को सिंगापुर में इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्क्लेव का भी आयोजन करेगी, जिसमें देश-विदेश के उद्योगपति भाग लेंगे।

### आरजी कर दुष्कर्म और हत्या मामले की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट की नई बेंच गठित

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाई कोर्ट की एक नई बेंच का गुरुवार को गठन किया गया ताकि अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई की जा सके। नई बेंच में जस्टिस राजशेखर मंथा और जस्टिस राय चट्टोपाध्याय शामिल हैं। इस बेंच का गठन इसलिए किया गया क्योंकि महीने की शुरुआत में जस्टिस देबांग्शु बसाक और जस्टिस मो. शब्बर रशीदी की पिछली डिवीजन बेंच ने इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इसका कारण यह बताया गया कि अब वह बेंच आपराधिक मामलों की सुनवाई नहीं कर रही थी। इससे पहले, इस मामले की सुनवाई पिछली बेंच को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस समय के चीफ जस्टिस टी.एस. शिवज्ञानम ने सौंपी थी, क्योंकि उस समय वह बेंच आपराधिक मामलों की सुनवाई कर रही थी। जस्टिस बसाक और जस्टिस रशीदी की बेंच द्वारा मामले से अलग होने के बाद, इसे वर्तमान चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल के पास वापस भेजा गया। अंततः, शुक्रवार को चीफ जस्टिस ने इस मामले की सुनवाई के लिए जस्टिस मंथा और जस्टिस चट्टोपाध्याय की नई डिवीजन बेंच को सौंप दिया। नई बेंच इस गंभीर आपराधिक मामले की सुनवाई करेगी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की निगरानी करेगी। अदालत ने कहा है कि मामले में तेजी से सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसे अपराधों को रोकने के लिए संदेश भी दिया जा सके।

## दुर्गापुर में डेंगू से युवक की मौत, इलाके में दहशत

**दुर्गापुर :** गर्मी शुरू होते ही औद्योगिक क्षेत्र में डेंगू का खतरा बढ़ने लगा है। इसी बीच दुर्गापुर के इस्पात नगर के वार्ड संख्या 9 के सेकेंडरी इलाके में एक युवक की डेंगू से मौत हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

मृतक की पहचान 46 वर्षीय मनोज कुमार दास के रूप में हुई है। वह इसी इलाके के निवासी थे और पानागढ़ के एक निजी क्लिनिक में कार्यरत थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वह होली के समय से ही बुखार से पीड़ित थे। शुरुआत में इसे सामान्य बुखार माना गया, लेकिन धीरे-धीरे उनकी हालत बिगड़ने लगी।

बताया गया है कि तेज बुखार के साथ उनके नाक और मुंह से लगातार खून बहने लगा, जिससे स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद 13 मार्च को उन्हें दुर्गापुर महकमा



अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 15 मार्च को उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही नगर विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मृतक के घर पहुंचे और परिवार से बातचीत की।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे इलाके में मच्छरनाशी दवाओं का छिड़काव किया गया है और लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का स्वागत समारोह आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** चैंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर चैत्र शुक्ल एकम, गुरुवार को चैंबर सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभागार को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा मंगल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र जैन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चैंबर द्वारा हिंदू नववर्ष के स्वागत की परंपरा कई वर्षों से निभाई जा रही है। साथ ही नववर्ष के अवसर पर चैंबर द्वारा बहुत वर्षों से सदस्यों को पंचांग भी भेजा जाता है। इस मौके पर मानद सचिव देवेंद्र कुमार बोथरा ने सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और इस परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नववर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, उत्साह और संकल्प का प्रतीक है।



इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष महेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष अरुण भुवालका, उपाध्यक्ष संजय तोदी, मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा, संयुक्त सचिव बिजय सिंह जैन, कोषाध्यक्ष अनिल मिहारिया, कार्यकारिणी सदस्य सरोज सिंघल, विकास लखोटिया, दिलीप अरोड़ा, धर्मेंद्र सेठ, सुशील शाह, सुशील बूबना, प्रमोद मोदी, आशीष झुनझुनवाला, संजय कंदोई, अजय सिंघी, राधे बुधिया एवं अन्य उपस्थित गणमान्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नववर्ष को सकारात्मक सोच, व्यापारिक उन्नति एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर नववर्ष का स्वागत किया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### जीआई और एचपीबी कैंसर को समझना समय पर पहचान बचा सकती है जान

**कोलकाता :** गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, हेपेटोबिलियरी और पैंक्रियाटिक कैंसर भारत में कैंसर के बोझ का एक बड़ा हिस्सा हैं और कोलन, रेक्टम, लिवर, गॉलब्लैडर और पैंक्रियास से जुड़े कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इन कैंसरों में अक्सर स्पष्ट लक्षण नहीं होते, जिसके कारण इनकी समय पर पहचान नहीं हो पाती और मरीज एडवांस्ड स्टेज में ही विशेषज्ञों तक पहुंचते हैं। जीआई और एचपीबी कैंसर में पेट, आंतों, लिवर, गॉलब्लैडर और पैंक्रियास से जुड़ी बीमारियां शामिल होती हैं। ये कैंसर महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अधिक पाए जाते हैं। भारतीय पुरुषों में सबसे अधिक प्रभावित अंग पेट और रेक्टम हैं, जबकि महिलाओं में गॉलब्लैडर और पेट सबसे आम साइट्स हैं। नानावती मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के एचपीबी और जीआई सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन और ऑन्कोलॉजी में ग्रोथ एंड स्ट्रैटेजी के लीड, डॉ. गणेश नागराजन ने कहा, भारतीय कैंसर रजिस्ट्रियों के अनुसार, जहां कई जीआई कैंसर शुरुआती स्टेज में ही डायग्नोज हो जाते हैं, वहीं गॉलब्लैडर और पैंक्रियास के कैंसर अक्सर एडवांस्ड स्टेज में सामने आते हैं। देश में लोकली एडवांस्ड गॉलब्लैडर कैंसर के मामलों में भी लगातार वृद्धि हो रही है, खासकर गंगेटिक प्लेन्स में। यही कारण है कि किसी भी तरह की क्रॉनिक डाइजेस्टिव समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए या लंबे समय तक खुद से इलाज नहीं करना चाहिए।

### जाइडस ने अस्थमा और सीओपीडी मरीजों के लिए इनहेलर इस्तेमाल आसान बनाने को एरोलाइफ मिनी लॉन्च किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड (ज़ाइडस), ने अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों के लिए इनहेलर के उपयोग को आसान बनाने के उद्देश्य से एरोलाइफ मिनी नामक नया डिवाइस लॉन्च किया है। यह भारत का पहला पोर्टेबल और फोल्डेबल नेक्स्ट-जेनरेशन पीएमडीआई (प्रेशराइज्ड मीटर्ड-डोज इनहेलर) एन्हांसर है। कंपनी ने इसे एरोडेल टेक्नोलॉजी इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ विशेष लाइसेंसिंग समझौते के तहत बाजार में उतारा है। कंपनी के अनुसार, देश में अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। वायु प्रदूषण, धूम्रपान, बार-बार संक्रमण और देर से पहचान इसकी प्रमुख वजहें हैं। इन बीमारियों के मरीज लंबे समय तक इनहेल्ड थेरेपी पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इनहेलर के गलत उपयोग के कारण दवा का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। एरोलाइफ मिनी का कॉम्पैक्ट और फोल्डेबल डिजाइन दवा को फेफड़ों तक बेहतर तरीके से पहुंचाने में मदद करेगा। इससे मरीजों के लिए इनहेलर का उपयोग अधिक सुविधाजनक होगा और उपचार के पालन में भी सुधार आने की उम्मीद है।

### एमएस धोनी ने जेड ब्लैक के 'सब शुभ होगा' अभियान से दिया उम्मीद का संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेड ब्लैक ने अपने समर्पण शुद्ध कपूर और भीमसेनी कपूर उत्पादों के लिए 'सब शुभ होगा' नाम से नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान में ब्रांड एंबेसडर एमएस धोनी नजर आएंगे। एमपी स्थित मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) का यह अभियान चैत्र नवरात्रि के पहले दिन लॉन्च किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आस्था और सकारात्मकता के संदेश के जरिए लोगों में उम्मीद और विश्वास जगाना है। टीवी कमर्शियल में एमएस धोनी नैरेटर के रूप में दिखाई देते हैं, जिसमें एक छात्र, ऑफिस जाने वाला व्यक्ति और दुकानदार के दैनिक जीवन के दृश्य दिखाए गए हैं। अंत में संदेश दिया गया है कि सब शुभ होगा। एमडीपीएच के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आस्था और सकारात्मक सोच को सामने लाने की कोशिश की गई है। वहीं, निदेशक अंशुल अग्रवाल ने बताया कि कंपनी कपूर और पूजा सामग्री जैसे नए उत्पादों के विस्तार के लिए विनिर्माण और वितरण नेटवर्क को मजबूत कर रही है।

# पूर्व रेलवे ने मनाया 70वां रेलवे सप्ताह, हावड़ा डिवीजन को ओवरऑल एफिशिएंसी शील्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने गुरुवार को 70वें रेलवे सप्ताह के अवसर पर वर्ष 2025 के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (जोनल स्तर) समारोह का आयोजन सियालदह स्थित बी.सी रॉय ऑडिटोरियम में किया। इस अवसर पर रेलवे सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान ईस्टर्न रेलवे वुमेन्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर, अतिरिक्त महाप्रबंधक (ईआर) शीलेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के प्रधान अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने कहा कि यह दिन



पूर्व रेलवे की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि सुरक्षा ईस्टर्न रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी गतिविधियां इसी दिशा में केंद्रित रहती हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि यह पुरस्कार समारोह भारत में पहली ट्रेन सेवा, जो बोरीबंदर और ठाणे के बीच शुरू हुई थी, की स्मृति में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे ने देश के औद्योगिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आज भी नए भारत के विकास को गति दे रहा है।

पुरस्कार समारोह में हावड़ा डिवीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जनरल मैनेजर की ओवरऑल एफिशिएंसी और ओवरऑल एक्सीलेंस शील्ड हासिल की। वहीं, मालदह डिवीजन को ओवरऑल एफिशिएंसी रनर-अप शील्ड से सम्मानित किया गया। विभिन्न विभागीय श्रेणियों में भी डिवीजनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कमर्शियल, रेल मदद और सिक्योरिटी शील्ड हावड़ा डिवीजन को मिली। इंजीनियरिंग श्रेणी में सियालदह डिवीजन को ब्रिज मेंटेनेंस शील्ड, हावड़ा को ओवरऑल इंजीनियरिंग एफिशिएंसी शील्ड और मालदह को ट्रैक मेंटेनेंस शील्ड प्रदान की गई। मेडिकल श्रेणी में हावड़ा डिवीजन को कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ केयर शील्ड, जबकि सियालदह डिवीजन को बेस्ट हॉस्पिटल कप से सम्मानित किया गया। ऑपरेशन एवं सुरक्षा श्रेणी में मालदह डिवीजन को ऑपरेटिंग एफिशिएंसी शील्ड, हावड़ा को पंक्चुअलिटी शील्ड तथा सियालदह डिवीजन को सेफ्टी शील्ड प्रदान की गई। मैकेनिकल श्रेणी में सियालदह डिवीजन को रोलिंग स्टॉक शील्ड और कार शेड कप मिला, जबकि आसनसोल कोचिंग डिपो कप से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें रेलवे परिवार के सदस्यों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक दीपक निगम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर शिबराम माझी, उप महाप्रबंधक (जी) एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने पूरे पुरस्कार समारोह का सफल संचालन किया और सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई दी।

## 111 भाजपा उम्मीदवारों की लिस्ट

| क्र. | विधानसभा का नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|
| 1 | मेखलीगंज (अजा) | दधिराम रॉय |
| 2 | माथाभांगा (अजा) | निशीथ प्रामाणिक |
| 3 | मदारीहाट (अजजा) | लक्ष्मण लिम्बु |
| 4 | धुपगुड़ी (अजा) | नरेश चंद्र रॉय |
| 5 | मयनागुड़ी (अजा) | कौशिक रॉय |
| 6 | जलपाईगुड़ी (अजा) | अनंत देब अधिकारी |
| 7 | मल (अजजा) | सुकरा मुंडा |
| 8 | कलिम्पोंग | भरत छेत्री |
| 9 | दार्जिलिंग | नोमन राय |
| 10 | कर्सियांग | सोनम लामा |
| 11 | चोपड़ा | शंकर अधिकारी |
| 12 | इटाहार | सबिता बर्मन |
| 13 | हरिश्चंद्रपुर | रतन दास |
| 14 | वैष्णवनगर | राजू कर्माकर |
| 15 | फक्का | सुनील चौधरी |
| 16 | समसेरगंज | षष्ठी चरण घोष |
| 17 | जांगीपुर | एड. चित्तो मुखर्जी |
| 18 | सागरदिघी | तापस चक्रवर्ती |
| 19 | रानीनगर | राणा प्रताप सिंह रॉय |
| 20 | नबग्राम (अजा) | दिलीप साहा |
| 21 | खरग्राम (अजा) | मिताली मल |
| 22 | बरवान (अजा | सुखेन कुमार बागदी |
| 23 | कांदी | गार्गी दास घोष |
| 24 | भरतपुर | अनामिका घोष |
| 25 | तेहट्टा | सुब्रत कबिराज |
| 26 | नकाशीपाड़ा | शांतनु डे |
| 27 | चापड़ा | सैकत सरकार |
| 28 | नबद्वीप | श्रुति शेखर गोस्वामी |
| 29 | कृष्णनगर दक्षिण | साधन घोष |
| 30 | कृष्णगंज (अजा) | सुकांता बिस्वास |
| 31 | रानाघाट दक्षिण (अजा) | डॉ. असीम कुमार बिस्वास |
| 32 | बनगांव उत्तर (अजा) | अशोक कीर्तनिया |
| 33 | बनगांव दक्षिण (अजा) | स्वपन मजूमदार |
| 34 | गायघाटा (अजा) | सुब्रत ठाकुर |
| 35 | स्वरूपनगर (अजा) | तारक साहा |
| 36 | हाबरा | देबदास मंडल |
| 37 | अशोकनगर | डॉ. सूमोय हीरा |
| 38 | बीजपुर | सुदीप्ता दास |
| 39 | जगतदल | डॉ. राजेश कुमार, पूर्व आईपीएस |
| 40 | नोआपाड़ा | अर्जुन सिंह |
| 41 | बैरकपुर | कौस्तव बागची |
| 42 | खड़दह | डॉ. कल्याण चक्रवर्ती |
| 43 | कमरहट्टी | अरूप चौधरी |
| 44 | दमदम | एड. अरिजीत बख्शी |
| 45 | राजारहाट-न्यूटाउन | पीयूष कनोडिया |
| 46 | बिधाननगर | डॉ. शरदवत मुखोपाध्याय |
| 47 | राजारहाट-गोपालपुर | तरुण ज्योति तिवारी |
| 48 | बारासात | शंकर चटर्जी |
| 49 | हरोआ | भास्कर मंडल |
| 50 | मीनाखां (अजा) | रुद्रेंद्र पात्रा |
| 51 | संदेशखाली (अजजा) | सनत सरदार |
| 52 | बशीरहाट दक्षिण | डॉ. सूरज (शौर्य) बनर्जी |
| 53 | हिंगलगंज (अजा) | रेखा पात्रा |
| 54 | गोसाबा (अजा) | बिकर्णो नस्कर |
| 55 | सागर | सुमन्त मंडल |
| 56 | कुल्पी | अबनि नस्कर |
| 57 | मंदिरबाजार (अजा) | मल्लिका पाइक |
| 58 | जयनगर (अजा) | आलोक हल्दर |
| 59 | बारुईपुर पूर्व (अजा) | टुम्पा सरदार |
| 60 | कैनिंग पश्चिम (अजा) | प्रशांत बायेन |
| 61 | बारुईपुर पश्चिम | बिस्वजीत पॉल |
| 62 | मगराहाट पश्चिम | गौर सुंदर घोष |
| 63 | सतगाछिया | अग्निश्वर नस्कर |
| 64 | सोनारपुर दक्षिण | रूपा गांगुली |
| 65 | भांगड़ | जयंता गायेन |
| 66 | कस्बा | संदीप बनर्जी |
| 67 | जादवपुर | सरबोरी मुखर्जी |
| 68 | टॉलीगंज | पापिया (डे) अधिकारी |
| 69 | बेहाला पूर्व | सुनील महाराज |
| 70 | बेहाला पश्चिम | डॉ. इंद्रनील खान |
| 71 | महेशतला | तमनाथ भौमिक |
| 72 | बालीगंज | डॉ. शतरूपा |
| 73 | इन्टाली | प्रियंका टिबरेवाल |
| 74 | बेलेघाटा | डॉ. पार्थ चौधरी |
| 75 | जोड़ासांको | विजय ओझा |
| 76 | श्यामपुकुर | पूर्णिमा चक्रवर्ती |
| 77 | मानिकतला | तापस रॉय |
| 78 | काशीपुर-बेलगाछिया | रितेश तिवारी |
| 79 | बाली | संजय सिंह |
| 80 | सांकराइल (अजा) | बरनाली ढाली |
| 81 | उलुबेरिया उत्तर (अजा) | चिरन बेरा |
| 82 | श्यामपुर | डॉ. हिरण्मय चट्टोपाध्याय |
| 83 | बागनान | प्रेमांग्शु राणा |
| 84 | उदयनारायणपुर | प्रभाकर पंडित |
| 85 | जगतबल्लवपुर | अनुपम घोष |
| 86 | श्रीरामपुर | भास्कर भट्टाचार्य |
| 87 | चांपदानी | दिलीप सिंह |
| 88 | बालागढ़ (अजा) | सुमना सरकार |
| 89 | पांडुआ | तुषार कुमार मजूमदार |
| 90 | चंडीतला | देबाशीष मुखर्जी |
| 91 | जंगीपाड़ा | प्रसेनजीत बाग |
| 92 | धानियाखाली (अजा) | बर्णाली दास |
| 93 | नंदकुमार | निर्मल खानरा |
| 94 | भगवानपुर | शांतनु प्रामाणिक |
| 95 | खेजुरी (अजा) | सुब्रत पाइक |
| 96 | एगरा | दिव्येंदु अधिकारी |
| 97 | पिंगला | स्वागता मन्ना |
| 98 | बागमुंडी | रविदास महतो |
| 99 | पुरुलिया | सुदीप कुमार मुखर्जी |
| 100 | बांकुड़ा | नीलाद्रि शेखर दाना |
| 101 | बिष्णुपुर | शुक्ला चटर्जी |
| 102 | खंडघोष (अजा) | गौतम धारा |
| 103 | बर्धमान दक्षिण | मौमिता बिस्वास मिश्रा |
| 104 | कालना (अजा) | सिद्धार्थ मजूमदार |
| 105 | पूर्वस्थली उत्तर | गोपाल चट्टोपाध्याय |
| 106 | मंगलकोट | शिशिर घोष |
| 107 | गलसी (अजा) | राजू पात्रा |
| 108 | रानीगंज | एड. पार्थो घोष |
| 109 | लाभपुर | देबाशीष ओझा |
| 110 | रामपुरहाट | ध्रुब साहा |
| 111 | मुरारई | रिंकी घोष |
| | प्रथम सूची में बदलाव | |
| 1 | बिष्णुपुर (अजा) | विश्वजीत खान |
| | भाजपा समर्थित प्रत्याशी | |
| 1 | जॉयपुर | बिस्वजीत महतो |

**नोट:** अजा = अनुसूचित जाति (एससी), अजजा = अनुसूचित जनजाति (एसटी)

# मतदान से पहले पीएम मोदी के 14 तो अमित शाह के 8 कार्यक्रम

❑ **नीतीन नबीन प्रदेश भर में 7 और केंद्रीय मंत्री नड्डा 6 जनसभाओं को करेंगे संबोधित**
❑ **योगी आदित्यनाथ भी 8 कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपना मेगा कैंपेन प्लान तैयार कर लिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस बार, चुनाव में भाजपा अपने शीर्ष नेताओं के जरिए बड़े पैमाने पर जनसंपर्क और शक्ति प्रदर्शन करने की रणनीति पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में कुल 14 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इन कार्यक्रमों में जनसभाएं और भव्य रोड शो शामिल होंगे, जिनके जरिए मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने की कोशिश करेगी। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें रोड शो और जनसभाएं शामिल हैं। माना जा रहा है कि शाह का फोकस संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर रहेगा। इसके अलावा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीन नबीन प्रदेश भर में 7 जनसभाओं को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा 6 जनसभाओं के जरिए पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेंगे। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बंगाल में 8 कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उनके कार्यक्रमों में रोड शो और जनसभाएं शामिल होंगी। इसी तरह, फिल्म अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती भी इस चुनावी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वह राज्य में 10 चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें रोड शो और जनसभाएं शामिल हैं।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय शिपिंग हाउस में स्थानांतरित

### 20-21 मार्च को पूरा होगा कार्य

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। वर्तमान में बामार लॉरी बिल्डिंग में स्थित सीईओ कार्यालय को शिपिंग हाउस में स्थानांतरित किया जा रहा है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 20 और 21 मार्च को चरणबद्ध तरीके से इस स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने विभागों के दस्तावेज, स्टेशनरी, फर्नीचर, कंप्यूटर, टेलीविजन सहित सभी सरकारी सामग्रियों को चिन्हित कर स्थानांतरण की तैयारी करें।

इस कार्य के लिए हेरिटेज ट्रांसपोर्ट संगठन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह संस्था पैकिंग, परिवहन और नए कार्यालय में सामग्री को व्यवस्थित ढंग से स्थापित करने का काम करेगी।

निर्देश के अनुसार, 20 मार्च को दोपहर 12 बजे से संबंधित कर्मचारियों और वाहनों की तैनाती शुरू हो जाएगी। वहीं 21 मार्च शाम 5 बजे तक स्थानांतरण का पूरा कार्य समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

## चांपदानी से दिलीप सिंह और श्रीरामपुर से भास्कर भट्टाचार्य हुए भाजपा के उम्मीदवार





**हुगली :** भारतीय जनता पार्टी ने हुगली जिले की अहम सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर सियासी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। श्रीरामपुर से भास्कर भट्टाचार्य और चांपदानी से पूर्व उम्मीदवार दिलीप सिंह पर एक बार फिर भरोसा जताया गया है। दिलीप सिंह 2021 विधानसभा चुनाव में चांपदानी सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के खिलाफ मैदान में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बावजूद पार्टी ने उन पर दोबारा भरोसा जताकर साफ संकेत दिया है कि स्थानीय संगठन और उनके अनुभव को प्राथमिकता दी जा रही है।

वहीं, भास्कर भट्टाचार्य की बात करें तो वे भाजपा के पूर्व हुगली सांगठनिक अध्यक्ष रह चुके हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं। श्रीरामपुर में उनकी एक जानी-मानी और मजबूत पहचान है, जिसे देखते हुए पार्टी ने उन्हें तृणमूल के खिलाफ चुनावी चेहरा बनाया है।

हालांकि, चांपदानी विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस का जनाधार मजबूत माना जाता है, जिससे दिलीप सिंह के सामने चुनौती बड़ी होगी। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा स्थानीय समीकरणों और संगठनात्मक ताकत के दम पर इस मजबूत गढ़ में कितना सेंध लगा पाती है।

भाक्सर भट्टाचार्य ने बताया कि श्रीरामपुर सीट को जीतकर मोदी के सुपुर्द करना ही उनका लक्ष्य है। हालांकि चुनावी मैदान में कोई बड़ी चुनौती नहीं। श्रीरामपुर जितना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार की लड़ाई टीएमसी के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ है। आपको बतादें कि भास्कर भट्टाचार्य भी पूर्व उम्मीदवार रह चुकें है। वहीं, दिलीप सिंह ने कहा कि हम भाजपा के सिपाही हैं, हार मानने वाले नहीं हैं। जीत इस बार तय है जनता ने बदलाव का मन बनाया है, बस चांपदानी पर परचम लहराना बाकी है।

## मुख्यमंत्री की पहल से थमा असंतोष, खगेश्वर राय ने बदला रुख



**जलपाईगुड़ी :** टिकट नहीं मिलने के बाद शुरू हुआ नाराजगी का दौर अब खत्म हो गया है। सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए राजगंज के निवर्तमान विधायक खगेश्वर राय ने आखिरकार तृणमूल कांग्रेस में ही बने रहने का फैसला किया है। बता दें कि प्रत्याशी सूची घोषित होने के बाद से ही वह बागी तेवर में नजर आ रहे थे। यहां तक कि उन्होंने जलपाईगुड़ी जिला तृणमूल के चेयरमैन पद से इस्तीफा देने की घोषणा भी कर दी थी। उनके समर्थन में राजगंज ब्लॉक नेतृत्व ने भी पद छोड़ने की बात कही थी। खगेश्वर राय ने चेतावनी दी थी कि गुरुवार की सुबह 11 बजे तक पार्टी की ओर से सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर वह अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करेंगे। स्थिति को संभालने के लिए खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आगे आना पड़ा। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की रात मुख्यमंत्री ने फोन पर खगेश्वर राय से बात की। उनकी ओर से दिए गए आश्वासन के बाद वरिष्ठ नेता संतुष्ट हो गए। गुरुवार को बेलाकोबा स्थित अपने आवास पर जिला नेतृत्व की मौजूदगी में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में खगेश्वर राय ने साफ कर दिया कि वह पार्टी में ही रहेंगे। इससे जलपाईगुड़ी जिला और राजगंज क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच फिलहाल राहत का माहौल देखा जा रहा है।

### सप्तग्राम में दीवार लेखन को लेकर विवाद गहराया, सीपीएम कार्यकर्ता पर हमले का आरोप

**हुगली :** हुगली जिले के सप्तग्राम में दीवार लेखन को लेकर एक बार फिर तनाव की स्थिति बन गई है। यह घटना सप्तग्राम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बांसबेड़िया इलाके की बताई जा रही है, जहां गैंजेस जूट मिल की दीवार पर लिखाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सीपीएम का आरोप है कि उनके कार्यकर्ता पार्टी उम्मीदवार अनिर्बान सरकार के समर्थन में दीवार लेखन कर रहे थे। उसी दौरान तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता वहां पहुंचे और दीवार पर लिखाई मिटाने को कहा। आरोप है कि मना करने पर सीपीएम कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया और एक कार्यकर्ता की पिटाई कर दी गई। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों से इनकार किया है। बांसबेड़िया नगरपालिका के काउंसिलर मोहम्मद साहिद के अनुसार, चुनाव घोषणा से पहले ही सीपीएम कार्यकर्ता कई दीवारों पर चूना लगाकर कब्जा कर रहे थे। उनका दावा है कि सीपीएम कार्यकर्ताओं ने तृणमूल की दीवारों पर भी लिखना शुरू कर दिया था, जिस पर केवल कहासुनी हुई, मारपीट नहीं। वहीं सीपीएम उम्मीदवार अनिर्बान सरकार ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि तृणमूल शांतिपूर्ण चुनाव नहीं होने देना चाहती। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत पार्टी नेतृत्व और चुनाव आयोग से की जाएगी।

### नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो किशोरों की दर्दनाक मौत

**पूर्व वर्दवान :** पूर्व वर्दवान जिले के बैकुंठपुर नंबर-2 इलाके में नदी में नहाने के दौरान दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना गुरुवार दोपहर बेचाहराट श्मशानपाड़ा इलाके में हुई। मृतकों की पहचान अभिजीत दास (15) और आदित्य दे (13) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर अभिजीत की दादी दामोदर नदी में नहाने गई थीं। उसी समय उनके पीछे-पीछे चार-पांच किशोर-किशोरियां भी नदी में उतर गए। स्नान के बाद जब दादी किनारे की ओर लौट रही थीं, तभी उनके साथ मौजूद एक व्यक्ति ने कुछ दूरी पर कुछ बच्चों को पानी में हाथ-पैर मारते देखा। देखते ही देखते यह बात आसपास के लोगों तक पहुंची और इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। जिसके बाद, किशोरी को तो बचा लिया गया, लेकिन अभिजीत और आदित्य कुछ ही पलों में नदी में डूब गए। दोनों किशोरों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने शेख शाहजहां की जमानत याचिका की खारिज

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले के मामले में आरोपित संदेशखाली के निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुव्रा घोष की एकल पीठ ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की दलीलों को स्वीकार किया और कहा कि आरोपित के रिहा होने पर वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है तथा साक्ष्यों से छेड़छाड़ की आशंका है। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच की प्रगति और नए तथ्यों के आधार पर वह भविष्य में फिर से जमानत याचिका दायर कर सकता है। कोर्ट के समक्ष सीबीआई के वकील ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि यदि शाहजहां को जमानत पर रिहा किया जाता है तो वह निश्चित रूप से अपने खिलाफ दर्ज मामले में गवाहों को प्रभावित करने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास करेगा। सीबीआई के वकील ने यह भी दलील दी कि जेल में रहते हुए भी उसने अपने उन अंडरवर्ल्ड साथियों के जरिए मुख्य गवाहों के बेटे को धमकाने और यहां तक कि उसकी हत्या करने की कोशिश की थी, जो अभी तक जेल नहीं गए हैं। न्यायमूर्ति घोष ने इस दलील को स्वीकार करते हुए शाहजहां की जमानत याचिका खारिज कर दी। हालांकि, एकल-न्यायाधीश पीठ ने टिप्पणी की कि जांच की प्रगति और सामने आए नए तथ्यों के आधार पर शाहजहां को भविष्य में फिर से जमानत याचिका दायर करने का अधिकार होगा।

# माकपा ने 32 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की



**कोलकाता, समाज्ञा :** वाम मोर्चा ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए 32 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें नंदीग्राम से भाकपा की शांति गिरि और नयाग्राम से माकपा के डॉ. पुलिन बिहारी बास्के को उम्मीदवार बनाया गया है। उम्मीदवारों की सूची की घोषणा के दौरान, माकपा के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वर्तमान न्यायिक समीक्षा को 'प्रारंभिक जीत' बताया और जोर देकर कहा कि वामपंथी नेता तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक कि दो चरणों के विधानसभा चुनावों से पहले प्रत्येक वास्तविक मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं हो जाता। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की नेता आफरीन बेगम बालीगंज से, मुनिरुल इस्लाम मेतियाब्रुज से और हिमांशु गिरि खेजुरी से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि वाम मोर्चे ने सोमवार को अपने 192 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। सलीम ने ममता बनर्जी सरकार पर मतदाता सूची में नामों को ठीक से शामिल करवाने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने बिना किसी पर्याप्त आधार के लाखों मतदाताओं को 'तार्किक विसंगति' श्रेणी में डाल दिया है।

## सीकर भवन में धूमधाम से मना नवसंवत्सर एवं गणगौर उत्सव




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय संस्कृति के अनूठे रंगों से सजे नवसंवत्सर और गणगौर पर्व को सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा बुधवार को सीकर भवन में बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। नवसंवत्सर जहां नव वर्ष की शुरुआत के साथ नए संकल्प और शुभकामनाओं का संदेश देता है, वहीं गणगौर पर्व नारी शक्ति, प्रेम, समर्पण और सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इन दोनों पर्वों के माध्यम से प्रेम, एकता और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना प्रकट की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन संगीता नांगल, कविता कोठारी एवं कविता शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि सराफ और संगीता करेल ने किया। महोत्सव के दौरान महिलाओं द्वारा गणगौर से जुड़े सांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को राजस्थानी संस्कृति के रंग में सराबोर कर दिया। सोलह श्रृंगार पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलावृंद, बच्चों तथा पुरुष सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर सीकर भवन को पारंपरिक राजस्थानी शैली में सजाया गया, जिससे पूरा आयोजन अत्यंत भव्य और आकर्षक दिखाई दिया। महिलाओं ने गणगौर माता की पूजा करते हुए मंगल गीत गाए, वहीं बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

संयोजिका सुनीता लोहिया ने गवरजा माता की सजावट के लिए विजेताओं का आभार व्यक्त किया। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि नवसंवत्सर और गणगौर केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व हैं। ये त्योहार हमें अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ते हैं तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बृहस्पतिवार को नव संवत्सर के उपलक्ष्य में शोभायात्रा ढ़नढ़निया काली बाड़ी से आरंभ हुई। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी लोगों का परिषद द्वारा कलाकार स्ट्रीट अग्रसेन चौक में शीतल पेय (फ्रूटी) एवं पानी की बोतलों के साथ बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया। परिषद द्वारा फूलों की वर्षा भी की गई। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया एवं अध्यक्ष ब्रह्मानंद अग्रवाल ने नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम की सफलता पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभा सीकरिया, रेखा चौधरी, किरण सोढ़ानी, प्रीति बियानी, टीना सिंघी, ललिता सारडा, चंचल मित्तल, सुमन सीकरिया, मंजु अग्रवाल, उषा अग्रवाल, का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम नें कार्यकारिणी सदस्यों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामय की उपस्थिति रही।

## हेरिटेज के छात्र साहिदुल इस्लाम ने गेट 2026 में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 25

**कोलकाता, समाज्ञा**



हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र साहिदुल इस्लाम ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2026 में ऑल इंडिया रैंक 25 हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ वह देशभर के उम्मीदवारों में शीर्ष 0.003 प्रतिशत में शामिल हो गए हैं। इस वर्ष परीक्षा के लिए 10 लाख से अधिक पंजीकरण हुए, जिनमें से लगभग 7 से 8 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। बायोटेक्नोलॉजी पेपर को अपनी कठिन और बहु-विषयक प्रकृति के लिए जाना जाता है। इस विषय में हर साल लगभग 25 हजार पंजीकरण होते हैं और करीब 20 हजार उम्मीदवार परीक्षा देते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर इतनी ऊंची रैंक हासिल करना साहिदुल की शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, हर वर्ष हमारे छात्र गेट में उत्कृष्ट रैंक हासिल करते हैं। पिछले वर्ष हमने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की थी और इस वर्ष भी हमारा प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रमुख श्राबंती बसु ने कहा कि साहिदुल की सफलता उनके परिश्रम, स्पष्ट अवधारणाओं और निरंतर प्रयास का परिणाम है। वहीं, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य बासब चौधरी ने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया। इसी विभाग के छात्र आदित्य आनंद ने भी गेट 2026 में बायोटेक्नोलॉजी विषय में ऑल इंडिया रैंक 63 हासिल की है।

# भाजपा ने दिग्गजों के साथ नये चेहरों पर जताया भरोसा


डॉ राजेश कुमार



विजय ओझा


तापस रॉय


रितेश तिवारी


प्रियंका टिबरेवाल


अर्जुन सिंह


संजय सिंह


पूर्णिमा चक्रवर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को अपनी दूसरी सूची जारी करते हुए और 111 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। दूसरी सूची में कुछ पूर्व चेहरों के साथ पार्टी ने नये चेहरों पर विश्वास जताया है। इसमें जगतदल से डॉ राजेश कुमार (पूर्व आईपीएस), जोड़ासांको से विजय ओझा, मानिकतला से तापस रॉय, काशीपुर-बेलगछिया से रितेश तिवारी, इंटाली से प्रियंका टिबरेवाल, नोआपाड़ा से अर्जुन सिंह, बाली से संजय सिंह, श्यामपुकुर से पूर्णिमा चक्रवर्ती शामिल है। उक्त सभी सीटें बहुचर्चित है एवं यहां तृणमूल-भाजपा के बीच सीधी टक्कर देखने को मिल सकती है।

# राम जन्मभूमि पर भूमि पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, धर्म ध्वज फहराना इतिहास के स्वर्णिम क्षण : मुर्मू

**अयोध्या:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अपनी अयोध्या यात्रा के दौरान भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राम जन्मभूमि पर भूमि पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, राम दरबार का उद्घाटन और धर्म ध्वज फहराना – ये सभी हमारे इतिहास के स्वर्णिम क्षण हैं। राष्ट्रपति मुर्मू बृहस्पतिवार को अयोध्या में राम मंदिर में विशेष धार्मिक समारोहों के तहत सोने से जड़ित 150 किलोग्राम का श्री राम यंत्र स्थापित करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, इस परम पवित्र श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का भूमिपूजन, यहां रामलला के दिव्य विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा, राम दरबार का भक्तजनों के लिए खोला जाना तथा मंदिर के शिखर पर धर्म-ध्वजारोहण की तिथियां हमारे इतिहास और संस्कृति की स्वर्णिम तिथियां हैं। मुर्मू ने कहा, प्राण प्रतिष्ठा के मर्म-स्पर्शी अवसर पर मैंने प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा था। उस पत्र में मैंने यह भाव व्यक्त किया था कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम सब अपने राष्ट्र के पुनरुत्थान के एक नए कालचक्र के शुभारंभ के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत 'जय श्री राम'' से की और अयोध्या को भगवान राम के लिए 'स्वर्ग से भी अधिक प्रिय' बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान श्री राम का जन्म इसी अयोध्या नगरी में हुआ था और यहां की पवित्र भूमि का स्पर्श करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने शास्त्रों का जिक्र करते हुए कहा, भगवान श्री राम ने स्वयं अपने जन्म स्थान को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ बताया था। रामचरितमानस में भगवान श्रीराम सीता जी से कहते हैं कि यद्यपि सभी ने बैकुंठ का वर्णन किया है, लेकिन मुझे अवधपुरी सबसे अधिक प्रिय लगती है। उन्होंने कहा, यह अयोध्या नगरी सभी राम भक्तों को सबसे प्रिय है। मुर्मू ने भगवान राम की विरासत के सांस्कृतिक और संवैधानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, युद्ध जीतने के बाद माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ भगवान श्री राम के अयोध्या आगमन का अत्यंत कलात्मक रेखाचित्र हमारे संविधान की मौलिक छवि में सुशोभित है। यह रेखाचित्र मौलिक अधिकारों के अत्यंत महत्वपूर्ण भाग तीन की शुरुआत में दिखाई देता है। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि यह चित्र जागरूकता और ज्ञान का संचार कर रही है तथा जनता को संवैधानिक आदर्शों व पवित्र सांस्कृतिक प्रतीकों से जोड़ रही है। राष्ट्रपति ने कहा, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, संवत्सर 2083 की शुरुआत के दिन व नवरात्र के प्रथम दिवस पर यहां आकर मैं स्वयं को कृतार्थ अनुभव कर रही हूं। मैं देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतवासियों और रामभक्तों को नए वर्ष की आत्मिक बधाई देती हूं। नवरात्र के अंत में, रामनवमी के दिन हम सब प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाएंगे। मैं सभी को 'नवमी तिथि,मधुमास पुनीता' यानी रामनवमी के दिन मनाए जाने वाले पावन पर्व की अग्रिम बधाई देती हूं। उन्होंने कहा, हम सभी एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से वर्ष 2047 या शायद उससे पहले ही हम उन लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। 21वीं सदी में हमारे समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना राम-राज्य के वर्णन में प्राप्त होती है।







स्वर्ण जड़ित श्री राम यंत्र की स्थापना की

## राष्ट्रपति मुर्मू मथुरा पहुंचीं, मंदिरों में पूजा अर्चना की

**मथुरा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या के बाद बृहस्पतिवार को मथुरा पहुंचीं जहां उन्होंने मंदिरों में पूजा अर्चना की और कई अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति आज शाम कैंट हेलीपैड पहुंचीं जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और प्रदेश के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने वृंदावन में इस्कॉन मंदिर में दर्शन किया और आरती में भाग लिया। मंदिर में 'नाम संकीर्तन' पाठ के दौरान राष्ट्रपति का स्वागत किया गया। इस्कॉन मंदिर के मीडिया प्रभारी पवन दूबे ने बताया कि मुर्मू ने स्वामी प्रभुपाद की समाधि पर श्रद्धांजलि दी और आरती में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने इस्कॉन के गौर निताई, कृष्ण बलराम और श्याम सुंदर मंदिर में पूजा की और वहां आरती की। साथ ही वह विदेशियों सहित महिला श्रद्धालुओं द्वारा प्रस्तुत एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने गुरुकुल के बच्चों को टॉफियां और चॉकलेट दिए और उनसे बातचीत की। दूबे ने बताया कि भारी बारिश की वजह से गौ पूजन निरस्त कर दिया गया था। प्रेम मंदिर के मीडिया प्रभारी अजय बाबा ने बताया कि मुर्मू प्रेम मंदिर भी गईं और वहां इस मंदिर के प्रमुख आकर्षण लेजर शो का आनंद लिया। बाद में वह राधा कृष्ण मंदिर में आशीर्वाद लेने गईं जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती की। अजय बाबा ने कहा कि राष्ट्रपति को एक शॉल, प्रसाद, तुलसी की माला, जगद्गुरु कृपालु महाराज के जीवन पर लिखी एक पुस्तक, प्रेस रस सिद्धांत और राधा कृष्ण की नक्काशीदार आकृतियां भेंट की गईं। इससे पूर्व दिन में राष्ट्रपति अयोध्या में राम मंदिर गई थीं जहां उन्होंने विशेष धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और 150 किलोग्राम की स्वर्ण परत चढ़ा श्री राम यंत्र स्थापित किया था। अधिकारियों ने कहा कि 20 मार्च को राष्ट्रपति श्री प्रेमानंद जी महाराज के आश्रम में जाएंगी। साथ ही वह वृंदावन में बाबा नीम करोली की समाधि पर जाएंगी और श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। वह वृंदावन में उड़िया बाबा आश्रम और देवनाल कुंड भी जाएंगी।

## न्यूज अपडेट

### बिहार: मुख्यमंत्री ने मुंगेर और लखीसराय में 445 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की



**मुंगेर/लखीसराय:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान मुंगेर और लखीसराय जिलों में करीब 445 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों में जारी योजनाओं और विकास परियोजनाओं की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने मुंगेर जिले में 119 करोड़ रुपये की 78 विकास योजनाओं की शुरुआत की। इनमें 87 करोड़ रुपये की लागत से 52 योजनाओं का उद्घाटन तथा 32 करोड़ रुपये की 26 योजनाओं/परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके बाद दिन में मुख्यमंत्री ने लखीसराय जिले में करीब 326 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की शुरुआत की। इनमें 118 करोड़ रुपये की 117 योजनाओं का उद्घाटन तथा 208 करोड़ रुपये की 144 योजनाओं/परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने चैत्र नवरात्र पर भव्य गंगा आरती शुरू की

**वाराणसी (उप्र):** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने वाराणसी के ललिता घाट में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि इस दिव्य क्षण की प्रतीक्षा सम्पूर्ण विश्वेश्वर भक्तों को लंबे समय से थी। गंगा आरती में उत्तर प्रदेश के मंत्री रविंद्र जायसवाल, विधायक नीलकंठ तिवारी, विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) धर्मेंद्र सिंह, विधायक अवधेश सिंह, मंडलायुक्त एस राज लिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार सहित अन्य विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही। ललिता घाट पर आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने भक्तिभाव और ''जय मां गंगा'' के जयघोष के साथ सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गंगा तट पर उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत श्रद्धा एवं आस्था के साथ आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। प्रथम दिवस पर ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा मां गंगा की आरती में अपना विशेष योगदान प्रदान किया। इस आयोजन ने भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपरा का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा यह आयोजन जनमानस की आस्था को सुदृढ़ करने तथा सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं नवीन पुनीत कार्यों के नवाचार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रयास है।

### त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें: हेमंत सोरेन

**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को आगामी ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया। सोरेन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएं। इस दौरान सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था, स्वच्छता, बिजली, जल आपूर्ति और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, त्योहारों के नाम पर किसी भी प्रकार की अशांति, हिंसा या गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में पुलिस और प्रशासन को सतर्क रहना चाहिए तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। सोरेन ने अधिकारियों को धार्मिक शोभायात्राओं के दौरान गतिविधियों का समुचित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### एटा में खुदाई में मिली जैन प्रतिमा को इलाहाबाद संग्रहालय में रखने का निर्देश

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि 22 जून को एटा में पानी की टंकी के निर्माण के लिए खुदाई के दौरान निकली जैन प्रतिमा को सुरक्षा और अध्ययन के लिए प्रयागराज में स्थित इलाहाबाद संग्रहालय में रखा जाए। यह प्रतिमा नौवीं से 10वीं शताब्दी का माना जाता है और इस पर जैन समुदाय के दिगंबर और श्वेतांबर संप्रदायों द्वारा दावा किया जा रहा है। न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की पीठ ने व्यवस्था दी कि प्रतिमा स्थानांतरित होने पर संग्रहालय इसे लोगों के लिए प्रदर्शित करेगा। अदालत ने साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ समन्वय में विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने का निर्देश दिया जिससे इस प्रतिमा की प्रकृति, काल और सांप्रदायिक संबद्धता निर्धारित करने के लिए एक विस्तृत अध्ययन किया जा सके। अदालत ने 17 मार्च को दिए अपने आदेश में कहा, ''इस प्रतिमा के ऐतिहासिक महत्व पर विचार करते हुए हम इसे प्रयागराज स्थित केंद्रीय संग्रहालय में सुरक्षित रखने का निर्देश देते हैं और एटा के जिलाधिकारी को इसे किसी भी स्थिति में 11 अप्रैल, 2026 तक प्रयागराज स्थित संग्रहालय के प्रभारी को सौंपने का निर्देश देते हैं।' अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि विशेषज्ञ समिति इस प्रतिमा को संग्रहालय में रखने के तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का प्रयास करेगी।

### जैसलमेर में बिजली की तारों की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**जयपुर:** जैसलमेर जिले में बुधवार रात बिजली के 'हाइटेंशन' तारों की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा जिले के चेलक-मेघा मार्ग पर हुआ। बारिश के दौरान 11 केवी का हाईटेंशन तार टूटकर सड़क पर गिर गया। बाइक से उस रास्ते से निकल रहे युवक इस तार की चपेट में आ गए और करंट लगने से उनकी वहीं मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मेघा गांव के निवासी विक्रम सिंह और एक अन्य युवक के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने सुबह घटना की जानकारी अधिकारियों को दी तो पुलिस व बिजली विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### नोएडा: पानी से भरे तालाबनुमा गड्ढे में डूबने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत

**नोएडा (उप्र):** गौतमबुद्ध नगर जिले में बादलपुर थाना क्षेत्र की प्रीत विहार कॉलोनी में पानी से भरे तालाबनुमा गड्ढे में डूबने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बादलपुर थाना प्रभारी अमित कुमार भडाना ने बताया कि मूलत: रामपुर के रहने वाले ई-रिक्शा चालक उमेश कुमार का पांच वर्षीय बेटा देव बुधवार शाम को खेलने के लिए घर से निकला था और वह खेलते-खेलते गड्ढे के पास पहुंच गया तथा पैर फिसलने के कारण उसमें गिर गया। भडाना ने बताया कि बच्चे को पानी से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बिहार में मुख्यमंत्री का नाम राजग नेतृत्व सामूहिक रूप से तय करेगा: भाजपा

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीतीश कुमार के बाद संभावित नए मुख्यमंत्री को लेकर जारी चर्चाओं के बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में इस विषय पर कोई विवाद नहीं है और न ही यह फिलहाल चर्चा का विषय है। पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यमंत्री का नाम राजग का नेतृत्व सामूहिक रूप से तय करेगा और वह निर्णय सभी सहयोगी दलों को स्वीकार्य होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजग के वरिष्ठ नेता हैं और नए मुख्यमंत्री के चयन में उनकी सहमति भी ली जाएगी। पटेल ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार का बिहार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पटेल ने कहा कि भविष्य में जो भी मुख्यमंत्री होगा, उसे नीतीश कुमार का आशीर्वाद, स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि राजग का लक्ष्य भारत को विकसित देश और बिहार को विकसित राज्य बनाना है तथा सभी को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा।

### राजस्थान: भ्रूण लिंग जांच में लिप्त गिरोह का पर्दाफाश, चिकित्सक सहित तीन लोग गिरफ्तार

**जयपुर:** राजस्थान के जयपुर में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने भ्रूण लिंग परीक्षण में लिप्त एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक चिकित्सक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी.शुभमंगला ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि जयपुर व आस-पास के जिलों में कुछ गिरोह पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन से भ्रूण लिंग परीक्षण कार्य में लिप्त हैं। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हेमंत जाखड़ की निगरानी में थानाधिकारी सत्यपाल यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और टीम ने भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए डॉ. शेरसिंह राजावत से संपर्क साधा। अधिकारी ने बताया कि डॉ. शेरसिंह राजावत ने गर्भवती महिला को केसर चौराहा, सांगानेर स्थित कुबेर हेल्थ केयर में बुलाया, जहां आरोपी चिकित्सक राजावत ने गर्भवती महिला से भ्रूण लिंग जांच के लिए 80 हजार रुपए लिए और दूसरे आरोपी जगबीर के साथ गर्भवती महिला को चौरड़िया पेट्रोल पंप के पास भेज दिया।

## राजस्थान: गैस किल्लत के नाम पर मंडरा रहा साइबर ठगों का साया, पुलिस ने जारी किया परामर्श




जयपुर, 19 मार्च (भाषा) राजस्थान में एलपीजी गैस सिलेंडर की मांग और कथित किल्लत का फायदा उठाकर साइबर जालसाजी की आशंका के बीच पुलिस की अपराध शाखा ने परामर्श जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस उपमहानिरीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि अपराधी मनोवैज्ञानिक दबाव और तकनीकी हथकंडों के जरिए लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। पुलिस ने ठगी के पांच प्रमुख तरीकों की पहचान की, जिनमें सब्सिडी के नाम पर फर्जी एलपीजी बुकिंग वेबसाइट बनाकर बैंक विवरण चोरी करना, केवाईसी अद्यतन नहीं होने पर कनेक्शन बंद करने का डर दिखाकर ओटीपी और यूपीआई पिन हासिल करना, फर्जी एसएमएस व व्हाट्सऐप लिंक के जरिए जालसाजी, एनीडेस्क व टीमव्यूअर जैसे ऐप डाउनलोड करवाकर मोबाइल पर नियंत्रण करना और क्यूआर कोड स्कैन कराकर भुगतान के नाम पर ठगी करना शामिल है।

## राजग सरकार की निष्क्रियता ने बिहार को दिशाहीन बना दिया: तेजस्वी यादव

**पटना:** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जब-जब अहंकार, असत्य, अन्याय और अराजकता रूपी दानव बलवान होता है, तब-तब मां दुर्गा अवतरित होकर न्याय करती हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने एक बयान में कहा कि बिहार का परिदृश्य भी अब कुछ ऐसा ही हो गया है कि दानवी सोच को समाप्त करने के लिए मातृशक्ति के न्याय की आवश्यकता महसूस हो रही है। यादव ने कहा, बिहार के



भोले-भाले लोगों का जिस प्रकार धोखा, छल, प्रपंच, अन्याय और असत्य के माध्यम से शोषण किया जा रहा है, वह अब असहनीय हो गया है। उन्होंने कहा, दानवी सोच को लगता है कि वह अमर हो रही है और अब कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता लेकिन मां दुर्गा का आशीर्वाद न केवल इस सोच का संहार करेगा बल्कि बिहार में न्याय, सत्य, धर्म, अहिंसा और समानता पर आधारित व्यवस्था स्थापित करेगा। राजद नेता ने आरोप लगाया कि आज बिहार की बेटियां संकट में हैं और सरेआम हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है और जिन लुभावने वादों का वादा किया गया था, वे कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। यादन ने कहा कि विकास के अधिकांश मानकों पर बिहार पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा, सरकार की निष्क्रियता ने राज्य को दिशाहीन बना दिया है। राज्य का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है और महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## बिहार: दुलार चंद यादव हत्याकांड में जदयू विधायक अनंत सिंह को मिली जमानत

**पटना:** पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक अनंत सिंह को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। सिंह को एक नवंबर को गिरफ्तार किया गया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। सिंह ने मोकामा विधानसभा सीट से जेल में रहते हुए चुनाव जीता था और राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) की वीणा सिंह को 28,000 से अधिक मतों से हराया था। न्यायमूर्ति रुद्र प्रकाश मिश्रा की पीठ ने 15,000 रुपये के मुचलके पर सिंह को जमानत प्रदान की। अदालत ने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेगा और न ही किसी गवाह को प्रभावित या धमकाएगा। यादव, चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन कर रहे थे। यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, हृदय और फेफड़ों में भारी वस्तु से लगी चोट के कारण पहुंचे आघात से कार्डियो-रेस्पिरेटरी फेल्योर के कारण उनकी मौत हुई। मोकामा विधानसभा सीट पर 1990 से सिंह के परिवार का कब्जा रहा है फिर चाहे सरकारी किसी भी पार्टी की रही हो। सिंह ने वर्ष 2022 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम से जुड़े एक मामले में दोषसिद्धि के कारण विधानसभा की सदस्यता समाप्त होने पर यह सीट छोड़ दी थी। सीट पर हुए उपचुनाव में सिंह की पत्नी नीलम देवी ने जीत हासिल की थी। उच्च न्यायालय ने हालांकि बाद में उन्हें उस मामले में बरी कर दिया था।



## राजस्थान में सवा दो साल में हमने हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए: भजनलाल शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने सवा दो साल के कार्यकाल में राज्य में हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए किये हैं। शर्मा ने 'राजस्थान दिवस' के अवसर पर यहां अजमेर रोड स्थित बस टर्मिनल से राज्य पथ परिवहन निगम की 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा,'हमने गत सवा दो साल में राज्य के हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।' शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मीडिया से कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 30 मार्च 1949 को भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग में वृहद् राजस्थान की स्थापना की थी, इसीलिए भाजपा सरकार ने चैत्र शुल्क प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया था।



## सरकारी विद्यालयों में सजी नवदुर्गा, 2.33 लाख बच्चों ने गढ़े शक्ति के प्रतीक

**लखनऊ:** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ 'मिशन शक्ति' के छठे चरण के पहले दिन उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में आस्था, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का संगम देखने को मिला। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रदेश के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में नवदुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित पोस्टर निर्माण और विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत लगभग 2.33 लाख बच्चों ने शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के स्वरूपों पर आकर्षक पोस्टर तैयार किए। इन रचनात्मक गतिविधियों में शक्ति, साहस, करुणा और आत्मनिर्भरता के भावों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया। विद्यालय परिसरों में प्रदर्शित कृतियों ने न केवल बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया, बल्कि नारी शक्ति के प्रति उनकी सकारात्मक सोच को भी दर्शाया।



## गोरखपुर के एक गांव में शौचालय के टिन शेड पर व्यक्ति का निर्वस्त्र शव मिला

गोरखपुर: उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले स्थित रावतपुर गांव में बृहस्पतिवार सुबह एक शौचालय के टिन शेड पर एक व्यक्ति का निर्वस्त्र शव मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान ऋषभ यादव (32) के रूप में हुई, जो रावतपुर का ही रहने वाला था। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र यादव नाम का व्यक्ति सुबह शौच के लिए शौचालय गया, जहां उसने शेड पर शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) दिनेश कुमार पुरी, क्षेत्राधिकारी (बांसगांव) अनुज सिंह और थाना प्रभारी अंजुल चतुर्वेदी समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच शुरू की गयी। पुलिस के मुताबिक, साक्ष्य की तलाश में मदद के लिए श्वान दस्ते को भी लगाया गया। पुलिस ने बताया कि मौके से करीब 25 मीटर दूरी पर एक पेड़ के पास जींस पैंट और टी शर्ट मिली है, जो मृतक की प्रतीत होती है।

## कानपुर में तेज रफ्तार दूध के टैंकर की टक्कर से तीन दोस्तों की मृत्यु

**कानपुर** : कानुपर के रिउना इलाके में बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार दूध के टैंकर की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार तीन दोस्तों की मौके पर मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस टैंकर की चपेट में आने से तीनों करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए। टैंकर ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बलवान (35), अजय कुमार (32) और सूरज (29) के रूप में हुई है। नौबस्ता निवासी ये तीनों एक अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मूसानगर में यमुना घाट जा रहे थे, तभी शाखा जंवारा गांव के पास यह दुर्घटना हुई।

## बिहार में एलपीजी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर रोक के लिए छापेमारी का निर्देश

**पटना:** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने घरेलू गैस (एलपीजी) सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कालाबाजारी पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए राज्य के सभी सीमावर्ती जिलों में सघन और निरंतर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव ने लोगों से अपील की कि वे गैस आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए पूरी तरह तत्पर है। अमृत बृहस्पतिवार को राज्य में गैस सिलेंडरों के सुचारू वितरण और आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), सभी जिलाधिकारी (डीएम), सभी पुलिस अधीक्षक (एसपी) तथा प्रमुख तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय सिंह ने राज्य में गैस सिलेंडर वितरण की अद्यतन स्थिति और लंबित मामलों (बैकलॉग) पर विस्तृत प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में सभी जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने और बैकलॉग समाप्त करने के लिए दिए गए सुझावों पर विस्तार से चर्चा की।

## बिहार: सड़क किनारे गड्ढे में गिरी कार, इंजीनियरिंग के तीन विद्यार्थियों की मौत

**बिहारशरीफ:** बिहार के नालंदा जिले में बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से इंजीनियरिंग के तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई जबकि दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा चंडी थानाक्षेत्र के सालेहपुर मोड़ और गौढ़ापुर के बीच हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र आशीष कुमार, राहुल कुमार और उत्सव सिंह के रूप में हुई जबकि शशिकांत और धीरज कश्यप का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चंडी की ओर से तेज गति से आ रही थी और गौढ़ापुर के पास पहुंचते ही चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद गाड़ी सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए चंडी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि चिकित्सकों ने आशीष कुमार और राहुल कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि उत्सव ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। चंडी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया, प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन का अनियंत्रित होना प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।



### हरियाणा में 23 आईएएस अधिकारियों का स्थानांतरण

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने बृहस्पतिवार को एक बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 23 अधिकारियों स्थानांतरित किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंद्रु को मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं, नागरिक संसाधन सूचना विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव जी. अनुपमा अब नागरिक उड्डयन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव होंगी।

# असम चुनाव: भाजपा ने 88 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, मुख्यमंत्री शर्मा जलुकबारी से चुनाव लड़ेंगे

### आज नामांकन दाखिल करेंगे हिमंत

**गुवाहाटी/नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए 88 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची बृहस्पतिवार को जारी कर दी जिसमें जलुकबारी सीट से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का नाम भी शामिल है। शर्मा लगातार छठी बार अपनी सीट बरकरार रखने के प्रयास में जलुकबारी क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के मौजूदा सांसद हितेंद्र नाथ गोस्वामी को जोरहाट विधानसभा क्षेत्र से असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई के खिलाफ मैदान में उतारा गया है। हाल ही में भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व नेता प्रद्युत बोरदोलोई और भूपेन बोरा क्रमशः दिसपुर तथा बिहपुरिया सीट से चुनाव लड़ेंगे। हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं में शशि कांता दास को राहा (सुरक्षित) सीट से मैदान में उतारा गया है, जबकि कमलाख्या पुरकायस्थ को करीमगंज (उत्तर) से हटाकर कटिगोरा सीट से टिकट दिया गया है। अगप के पूर्व विधायक भूपेन रॉय, जो हाल ही में भाजपा में शामिल हो गए थे, अभयपुरी से चुनाव लड़ेंगे। कैबिनेट मंत्री अजंता नियोग अपनी वर्तमान सीट गोलाघाट से, शिक्षा मंत्री रनोज पेगु वर्तमान सीट धेमाजी (सुरक्षित) से, रूपेश गोवाला डूमडूमा से, बिनल बोरा तिंगखोन से, पीयूष हजारिका जगीरोड से, जयंत मल्ला बरुआ नलबाड़ी से, अशोक सिंघल ढेकियाजुली से, कृष्णेंदु पॉल पाथरकांडी से और कौशिक राय लखीमपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी की सीट बदलते हुए उन्हें पैनेरी की बजाए अब तामुलपुर से, मंत्री चंद्रमोहन पटोवेरी को धर्मपुर के बजाए तिहू से और रंजीत कुमार दास को पथाचारकुची की बजाए भवानीपुर-सोरभोग से मैदान में उतारा गया है।



### भाजपा 24 मार्च से असम विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रचार अभियान शुरू करेगी : हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय नेता विधानसभा चुनाव अभियान का नेतृत्व करेंगे, जो नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के एक दिन बाद, 24 मार्च से शुरू होगा। शर्मा ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, पबित्रा मार्गेरिटा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया और पार्टी प्रबंधन समिति के संयोजक प्रधान बरुआ भी असम में चुनाव प्रचार में भाग लेंगे।

## कांग्रेस ने असम चुनावों के लिए 22 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को 22 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची जारी की। विपक्षी दल ने पूर्वोत्तर राज्य में चुनाव के लिए अब तक कुल 87 उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस ने तीन मार्च को 42 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की और शनिवार को 23 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की थी। पार्टी ने असम में अपने गठबंधन सहयोगियों के लिए 15 सीटें छोड़ी हैं।

## भारत के परमाणु संयंत्रों ने 2024-25 में 56,681 एमयू बिजली का उत्पादन किया : जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में 2024-25 में 56,681 एमयू बिजली का उत्पादन हुआ जो 2022-23 में 45,855 एमयू और 2023-24 में 47,971 एमयू था। एक एमयू बिजली का अर्थ 10 लाख यूनिट होता है। मंत्री ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया कि कि राजस्थान परमाणु ऊर्जा संयंत्र-यूनिट 1 को छोड़कर, देश में वर्तमान में 24 परमाणु संयंत्रों से 8,780 मेगावाट की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता है। कुल 13,600 मेगावाट क्षमता वाले 18 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों को चालू किया जाना है। इनमें निर्माणाधीन 10 परमाणु रिएक्टर शामिल हैं।

## एसबीआई के 2,929 करोड़ रुपये के 'धोखाधड़ी' मामले में सीबीआई ने अनिल अंबानी से आठ घंटे पूछताछ की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उनके खिलाफ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत पर दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को करीब आठ घंटे पूछताछ की। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि एक अलग मामले में, एजेंसी ने 'ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' के पूर्णकालिक निदेशक अमित डांगी से पूछताछ की। इस कंपनी ने रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड की संपत्तियों का अधिग्रहण किया है, जो जांच के दायरे में हैं।

## ईद के मौके पर उत्तम नगर में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जाए: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तम नगर में होली के दिन 26 वर्षीय युवक की हत्या के बाद फैले तनाव के बीच बृहस्पतिवार को पुलिस और प्रशासन को ईद के मौके पर शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायाधीश तेजस कारिया की पीठ ने कहा कि इलाके में पुलिस बंदोबस्त इस तरह से किए जाएं कि सभी लोगों में सुरक्षा और भरोसे की भावना पैदा हो। पीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी को भी ऐसी शरारत करने की अनुमति न दी जाए, जिससे कोई अप्रिय स्थिति पैदा होने की आशंका हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि इलाके में पुलिस व्यवस्था आगामी राम नवमी तक जारी रहेगी।

## उत्तराखंड: मुख्यमंत्री धामी ने एम्स-ऋषिकेश में भर्ती सतपाल महाराज का हालचाल जाना



**ऋषिकेश :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने महाराज से मिलने के बाद अस्पताल प्रशासन को उनके सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महाराज के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रदेश के पर्यटन और सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज को श्वास संबंधी शिकायत के कारण बुधवार को एम्स-ऋषिकेश में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए आईसीयू वार्ड में स्थानांतरित कर दिया, जहां मेडिसिन विभाग के प्रमुख प्रो. रविकांत की निगरानी में एक टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। एम्स-ऋषिकेश की चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्या ने मुख्यमंत्री को बताया कि महाराज के स्वास्थ्य में पहले से काफी सुधार है।

## फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली

**मुंबई :** कई महीनों के इंतजार के बाद बृहस्पतिवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' को दर्शकों से जोरदार प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शकों ने फिल्म की कहानी, एक्शन और मुख्य अभिनेता रणवीर सिंह के साथ अन्य कलाकारों के अभिनय की खूब सराहना की। फिल्म की 'एडवांस बुकिंग' (फिल्म रिलीज से पहले टिकट की खरीद) ने नया रिकॉर्ड बनाया है। फिल्म के अब तक 15 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। मुंबई में पहले दिन का शो देखने वाले दर्शकों ने इसे 'पैसा वसूल' फिल्म बताया। साथ ही इसे दोबारा देखने की योजना भी बनाई। फिल्म के पहले दिन के पहले शो में पहुंचे एक दर्शक ने कहा, पांच में से पांच अंक। इसे जरूर देखें, यह पूरी तरह पैसा वसूल है। कई दर्शकों ने कहानी का खुलासा करने से इनकार करते हुए कहा कि फिल्म का अनुभव खुद करना चाहिए। एक अन्य दर्शक ने कहा, शानदार, बेहतरीन। मैं इसे 10 में से 10 अंक दूंगा। एक्शन दृश्य बहुत अच्छे हैं, कहानी काफी दमदार है और लोगों को इसका अप्रत्याशित मोड़ पसंद आएगा। उन्होंने रणवीर सिंह के अभिनय को भी बेहतरीन बताते हुए कहा, उन्होंने कमाल कर दिया। फिल्म की अवधि चार घंटे की है लेकिन दर्शकों के लिए यह कोई बाधा नहीं बनी। एक दर्शक ने कहा, फिल्म बहुत दिलचस्प है। आमतौर पर मेरा ध्यान भटक जाता है, लेकिन इसने मुझे अंत तक बांधे रखा।

## अपने बढ़ते कामों के बीच विकेंद्रीकरण पर जोर दे रहा संघ: भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि संगठन ने अपने बढ़ते काम और लोगों की बढ़ती उम्मीदों के बीच अपने स्वयंसेवकों को सशक्त बनाने के लिए विकेंद्रीकरण की शुरुआत की है। नागपुर में मराठी अखबार 'तरुण भारत' के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'जेन जेड' (युवा पीढ़ी) उन विचारधाराओं की ओर आकर्षित होती है, जिनमें ईमानदारी और राष्ट्र सेवा की भावना हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आरएसएस को अच्छे कामों के लिए सोशल मीडिया पर अपनी 'सक्रियता' बढ़ाने की ज़रूरत है। जब उनसे पूछा गया कि आरएसएस ने अपनी स्थापना के 100 साल पूरे होने के मौके पर हाल ही में संगठन में क्या बड़े बदलाव किए हैं, तो भागवत ने कहा कि संघ का काम बहुत बड़े पैमाने पर बढ़ा है, और इसलिए अब विकेंद्रीकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी इकाइयां जरूरी कामों को ज़्यादा कुशलता से संभालेंगी, जबकि मित्रता रखने और खुद मिसाल बनकर नेतृत्व करने का मूल तरीका पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा, ''चूंकि आरएसएस से लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं, इसलिए स्वयंसेवकों को भी अब ज्यादा मेहनत करनी होगी। इसलिए, अब और भी छोटी-छोटी इकाइयां बनाई जाएंगी, और जो काम पहले ऊपरी स्तर से होता था, वह अब ये छोटी इकाइयां करेंगी। जब कोई संगठन बड़ा होता है, तो यह एक स्वाभाविक बदलाव है।'' भागवत ने बताया कि अब आरएसएस में 46 प्रांतों (प्रशासनिक इकाइयों) के बजाय 86 संभाग होंगे।



## मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में अगली सूचना तक रात्रि कर्फ्यू लगाया गया

**शिलांग :** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में हिंसा की घटनाओं और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरों का हवाला देते हुए पूरे जिले में बृहस्पतिवार को अनिश्चितकालीन रात्रि कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के बाद जिलाधिकारी विभोर अग्रवाल ने यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, रात्रि कर्फ्यू अगले आदेश तक शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक लागू रहेगा और इस दौरान जिले के भीतर किसी भी व्यक्ति को अपने घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होगी।

## एमएस धोनी ने जेड ब्लैक के 'सब शुभ होगा' अभियान से दिया उम्मीद का संदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** जेड ब्लैक ने अपने समर्पण शुद्ध कपूर और भीमसेनी कपूर उत्पादों के लिए 'सब शुभ होगा' नाम से नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान में ब्रांड एंबेसडर एमएस धोनी नजर आएंगे। एमपी स्थित मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) का यह अभियान चैत्र नवरात्रि के पहले दिन लॉन्च किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आस्था और सकारात्मकता के संदेश के जरिए लोगों में उम्मीद और विश्वास जगाना है। टीवी कमर्शियल में एमएस धोनी नैरेटर के रूप में दिखाई देते हैं, जिसमें एक छात्र, ऑफिस जाने वाला व्यक्ति और दुकानदार के दैनिक जीवन के दृश्य दिखाए गए हैं। अंत में संदेश दिया गया है कि सब शुभ होगा। एमडीपीएच के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आस्था और सकारात्मक सोच को सामने लाने की कोशिश की गई है। वहीं, निदेशक अंशुल अग्रवाल ने बताया कि कंपनी कपूर और पूजा सामग्री जैसे नए उत्पादों के विस्तार के लिए विनिर्माण और वितरण नेटवर्क को मजबूत कर रही है।

## राजनाथ ने वैश्विक संघर्षों का हवाला देते हुए ड्रोन निर्माण में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इजराइल संघर्षों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक मजबूत तंत्र विकसित करना चाहिए। सिंह ने 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि इन दोनों संघर्षों ने ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए आने वाले कुछ वर्षों में देशी ड्रोन निर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने के उद्देश्य से मिशन मोड में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया इस समय रूस-यूक्रेन के साथ-साथ ईरान और इजराइल से जुड़े संघर्ष को देख रही है और हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने कहा, ''आज भारत में ऐसा ड्रोन निर्माण तंत्र विकसित करने की जरूरत है जिसमें हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हों।'' इस सम्मेलन में देश की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारी भी शामिल हुए। सिंह ने कहा, ''भारत की रक्षा तैयारी और रणनीतिक स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि भारत ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने।''



## अमृतसर में सीमा पार हथियार तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, छह आरोपियों में नाबालिग शामिल

**चंडीगढ़ :** पंजाब में सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल के सिलसिले में एक नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा गया है। पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (27), मनीष कुमार उर्फ जेरी (24), सरूप सिंह उर्फ रूप (27), चमकौर सिंह (20) और वंश शर्मा (23) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सात पिस्तौल बरामद की गई हैं। यादव ने कहा कि जांच में पता चला है कि आरोपी पुर्तगाल स्थित एक विदेशी आका के संपर्क में थे, जो ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से अवैध हथियारों की तस्करी में मदद कर रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी इन खेपों को प्राप्त कर आगे आपराधिक तत्वों को इसकी आपूर्ति करते थे। उन्होंने बताया कि पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए मामले की जांच जारी है। अमृतसर के पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा गया।




## खेल इंफ्रास्ट्रक्चर से बनेंगे मजबूत सामाजिक इकोसिस्टम: श्रीराम महादेवन

**कोलकाता :** ट्रेलब्लेजर्स 4.0 में शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट के सीईओ और जॉयविल हाउसिंग के एमडी श्रीराम महादेवन ने कहा कि डेवलपर्स को अब केवल आवासीय इकाइयाँ बनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सामाजिक इकोसिस्टम विकसित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स में खेल सुविधाओं को शामिल करने से स्वस्थ, सक्रिय और आपस में जुड़े समुदाय तैयार होते हैं। महादेवन ने ज़ोर देते हुए कहा कि शारीरिक साक्षरता की शुरुआत बचपन से ही होती है और गेटेड कम्युनिटीज़ इसमें अहम भूमिका निभा सकती हैं। कोलकाता की समृद्ध खेल संस्कृति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुनियोजित स्पोर्ट्स स्पेस जीवन की गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ पड़ोसियों के बीच संबंधों को भी मजबूत बनाते हैं।

## भाजपा की केरल विस चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

### अरनमुला से राजशेखरन मैंदान पर

**नयी दिल्ली/तिरुवनंतपुरम :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची बृहस्पतिवार को जारी की, जिसमें पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल कुम्मनम राजशेखरन को अरनमुला सीट से मैदान में उतारा गया है। अनुभवी नेता का मुकाबला स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज से होगा। कांग्रेस द्वारा पथनमथिट्टा जिले की इस सीट से युवा कांग्रेस के नेता अबिन वर्गी को मैदान में उतारने की संभावना है। राजशेखरन ने इससे पहले 2021 में नेमोम से चुनाव लड़ा था और वहां वी. शिवनकुट्टी की जीत हुई थी, जो वर्तमान में शिक्षा मंत्री हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता बी. गोपालकृष्णन गुरुवायूर से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने धर्मादम से के. रंजीत को मैदान में उतारा है और इस सीट पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने त्रिशूर के अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नट्टिका निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पूर्व विधायक सी. सी. मुकुंदन को मैदान में उतारा है। हाल ही में मुकुंदन ने भाकपा से सीट न मिलने के विरोध में पार्टी छोड़ दी थी, जबकि पार्टी ने उनकी जगह पूर्व विधायक गीता गोपी को प्राथमिकता दी थी।

## 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' पारित, धर्मांतरण कराने वालों पर लगेगी रोक: साय

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बृहस्पतिवार को 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' के पारित होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि इससे उन लोगों पर रोक लगेगी, जो लोगों की अशिक्षा, गरीबी और अज्ञानता का लाभ उठाकर और प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराते थे। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने आज 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' पारित कर दिया। विधेयक का उद्देश्य जबरन, लालच, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर किए जाने वाले धर्म परिवर्तनों को रोकना है। विधेयक के पारित होने के बाद साय ने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''नवरात्र के अवसर पर मातारानी का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर हमेशा बना रहे। छत्तीसगढ़ में खुशहाली हो। आज के इस ऐतिहासिक दिन में विधानसभा में 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026' के पास होने से उन लोगों पर रोक लगेगी, जो लोगों की अशिक्षा, गरीबी और अज्ञानता का लाभ उठाकर लोभ-प्रलोभ देकर धर्मांतरण कराते थे।'' उन्होंने कहा, ''इस विधेयक के तहत धर्मांतरण कराने वाले तथा धर्मांतरित होने वाले, दोनों पक्षों को प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। सूचना प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर नोटिस जारी किया जाएगा और इसकी जानकारी जिले की वेबसाइट पर भी सार्वजनिक की जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राधिकृत अधिकारी एक माह के भीतर पूरे मामले की जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं इसमें लोभ, प्रलोभन, भय या किसी प्रकार का दबाव तो शामिल नहीं है। जांच पूर्ण होने के बाद, सब कुछ नियमानुसार पाए जाने पर ही इसकी अनुमति प्रदान की जाएगी।



## भारत ने अनुभवी राजनयिक विक्रम दोराईस्वामी को चीन में राजदूत नियुक्त किया

**नयी दिल्ली :** अनुभवी राजनयिक विक्रम दोराईस्वामी को बृहस्पतिवार को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति ऐसे समय में की गई है जब भारत एवं चीन पूर्वी लद्दाख में चार वर्ष से अधिक समय तक बने रहे सैन्य गतिरोध के बाद संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोराईस्वामी के शीघ्र ही नया कार्यभार संभालने की संभावना है। गलवान घाटी में 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद भारत और चीन ने पिछले कुछ महीनों में अपने संबंधों को स्थिर करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस गतिरोध ने पिछले कई दशकों में दोनों देशों के संबंधों को सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया था।

## भारत के खिलाफ साजिश में 'शामिल' सात विदेशियों के फोन डेटा विश्लेषण के लिए भेजे गये

### अदालत ने छह यूक्रेनी नागरिकों और एक अमेरिकी नागरिक को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा

**नयी दिल्ली :** सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किए गए एक अमेरिकी समेत सात विदेशियों के मोबाइल फोन डेटा के विश्लेषण के लिए भेजे गए हैं ताकि भारतीय जातीय समूहों का इस्तेमाल कर राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों के सोशल मीडिया खातों की जांच की जा रही है ताकि वित्तपोषण के स्रोत, साजिश के सूत्र और उनके अज्ञात सहयोगियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि इन आरोपियों में छह यूक्रेनी नागरिक हैं। पिछले सप्ताह एक गुप्त सूचना के आधार पर, आव्रजन ब्यूरो ने इन सात व्यक्तियों को उस समय हिरासत में लिया जब वे भारत के प्रमुख पारगमन केंद्रों से होकर गुजरने का प्रयास कर रहे थे। बाद में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एनआईए की प्राथमिकी के अनुसार, 14 यूक्रेनी नागरिक अलग-अलग तारीखों पर पर्यटक वीजा पर भारत में दाखिल हुए थे और असम के गुवाहाटी गये थे तथा फिर वहां आवश्यक प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी)/संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना मिजोरम पहुंच गये। इसमें कहा गया है कि तब इस समूह ने म्यांमा में 'अवैध रूप से' प्रवेश किया ताकि वहां के जातीय सशस्त्र समूहों (ईएजी) के लिए एक पूर्व-निर्धारित प्रशिक्षण आयोजित किया जा सके। ये ईएजी ड्रोन युद्ध और जैमिंग तकनीक के क्षेत्र में भारत में सक्रिय आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं। प्राथमिकी में कहा गया है, ''ये ईएजी प्रतिबंधित भारतीय विद्रोही समूहों को हथियार और अन्य आतंकवादी उपकरण मुहैया कराकर एवं उन्हें प्रशिक्षण देकर उन्हें सहयोग पहुंचा रहे हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और हित प्रभावित हो रहे हैं।'' अमेरिकी नागरिक और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विश्लेषक मैथ्यू आरोन वैनडाइक को कोलकाता हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया। वह 'सन्स ऑफ लिबर्टी इंटरनेशनल (एसओएलआई)' के संस्थापक हैं। उनका दावा है कि वह 'लीबियाई क्रांति' का हिस्सा रहे हैं। छह यूक्रेनी नागरिकों---हुरबा पेट्रो, स्लिवियाक तारास, इवान सुकमानोव्स्की, स्टेफनकीव मारियन, होनचारुक मैक्सिम और कामिंस्की विक्टर को पहले दिल्ली और लखनऊ हवाई अड्डों पर हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उन सभी पर म्यांमार में सशस्त्र मिलिशिया की कथित रूप से मदद करने के लिए गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है तथा ये सशस्त्र मिलिशिया भारत विरोधी विद्रोही समूहों के साथ मिलकर काम करते हैं।



## राज्यसभा के 73 सदस्यों ने आपराधिक मामलों की घोषणा की, 31 अरबपति : एडीआर रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के लगभग 32 प्रतिशत मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि इनमें से 14 प्रतिशत अरबपति हैं। यह रिपोर्ट राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 229 के हलफनामों के विश्लेषण पर आधारित है। फिलहाल झारखंड की एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों के हलफनामे उपलब्ध नहीं थे। इस विश्लेषण में हाल में निर्वाचित 37 सदस्य भी शामिल हैं। जिन 229 सांसदों के दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया है, उनमें से 73 (32 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की है। उनमें से 36 (16 प्रतिशत) गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। एक सांसद ने हत्या का मामला, चार ने हत्या के प्रयास का मामला और तीन ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले दर्ज होने के बारे में जानकारी दी हैं। भाजपा के 99 सांसदों में से 27, कांग्रेस के 28 सांसदों में से 12, तृणमूल कांग्रेस के के 13 सांसदों में से चार और आम आदमी पार्टी के 10 सांसदों में से चार ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस) के तीन-तीन सांसदों ने भी आपराधिक मामलों का खुलासा किया है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि 31 सांसदों (14 प्रतिशत) की कुल संपत्ति अरबों में है। प्रमुख पार्टियों में, भाजपा के छह सांसदों, कांग्रेस के पांच सांसदों, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के चार सांसदों, आम आदमी पार्टी और बीआरएस के दो-दो सांसदों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के तीन सांसदों ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। राज्यसभा में सदस्य की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ रुपये आंकी गयी है।



